आर.एन.आई. नं. HARBIL/2017/71370

वर्ष : 08, अंक : 95

कैथल (हरियाणा),

गुरूवार, 02 मई 2024

मूल्य : 2 रूपया, पृष्ठ : 8

Postal No. KKR/183/2022-24

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# अटल हिन्द

हरियाणा,पंजाब, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

Publisher & Director: Raj K. Aggarwal I Email:- atalhindnews@gmail.com I ePaper- Website:www.atalhind.com 9891096150/9802153000

## 100 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरी ई- मेल निकली फर्जी, पुलिस ने कहा घबराने की बात नहीं



नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली पुलिस ने कहा है कि राजधानी के कई स्कूलों में बम रखे जाने से संबंधित ई मेल जांच में फर्जी निकली है और स्कूलों की जांच में कुछ नहीं मिला है इसलिए लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। राजधानी के करीब 100 स्कूलों में बुधवार सुबह बम विस्फोट किए जाने से संबंधित ई मेल मिलने के बाद अफरा तफरी का माहौल बन गया था।

इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस ने स्कूलों में तलाशी अभियान चलाया। पुलिस ने कहा है कि स्कूलों में जांच में कुछ नहीं मिला है और यह ई मेल फर्जी है । पुलिस ने कहा है कि घबराने की कोई बात नहीं है क्योंकि दिल्ली पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसी सुरक्षा प्रोटोकॉल को ध्यान में रखकर सभी ज़रूरी कदम उठा रही है।

### ईमेल में खतरनाक मंसूबे

ईमेल में आगे कहा गया है 'हमारे हाथों का लोहा हमारे हृदयों को गले लगाता है. इंशाअल्लाह, हम उसे आसमान से भेजेंगे और तुम्हारे घृणित शरीरों को फाड़ देंगे. हम तुम्हारे गले और मुंह फाड़ देंगे. अल्लाह की अनुमति से, हम तुम्हें आग की लपटों में भेज देंगे जिसकी तपिश उनको जीवित चारे जैसे पिघला देगी और उनका दम घुट जाएगा.'

ईमेल में आगे कहा गया है कि 'अल्लाह ने काफ़िरों के लिए शाश्वत ज्योति नियुक्त की है. इंशाअल्लाह, उसे अपने आसपास देखो और हमेशा के लिए जल जाओ. अल्लाह की इजाजत से आसमान से धुआं-धुआं हो जाएगा. आपके पास बहुत सारा खाली लोहा है. किसी भी मात्रा में मौजूद शून्य में कोई शक्ति नहीं होती. यह सब खत्म हो रहा है और यह सब शून्य हो जाएगा. क्या आपने सचमुच सोचा था कि आपने जो भी बुरे काम किए हैं उनका कोई उत्तर नहीं होगा? बचपन से ही हमारे दिलों में जिहाद की आग जलती रही है.'

## देश और हरियाणा प्रदेश के लोगों को पीएम मोदी पर भरोसा : नायब सिंह सैनी

अटल हिंद/योगेश गर्ग



**करनाल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने कहा कि एक तरफ देश की जनता के पास नरेन्द्र मोदी जैसा नेतृत्व है तो दूसरी ओर एक ऐसा गठबंधन है जिसके पास नेतृत्व ही नहीं है। विकास के लिए मोदी सरकार ने अनेकों काम किए हैं। यही वजह है कि आज देश और हरियाणा प्रदेश के लोगों को पीएम मोदी पर भरोसा है। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा की सभी 10 सीटों पर कमल खिलेगा और देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी। इसके अलावा करनाल विधानसभा उप चुनाव में जनता भाजपा का साथ देगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सेक्टर-13 में संदीप गुप्ता के निवास पर पहुंचे थे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं व उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया और भरोसा दिलाया कि करनाल में इस बार दो कमल खिलेंगे। कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा में जिस तरह से मनोहर लाल ने काम किया। जन-जन उसकी तारीफ करता हुआ दिखाई देता है। मनोहर लाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं और परियोजनाओं को आगे बढ़ाते हुए हरियाणा प्रदेश को आगे ले जाने का काम किया है। अब यह जिम्मेदारी मुझ पर है। उन्होंने जनता को विश्वास दिलाते हुए कहा कि प्रदेश में विकास की गति को रूकने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता मनोहर लाल को करनाल से एक बड़ी जीत दिलवाकर संसद में भेजेगी और विधानसभा उप चुनाव में भी भाजपा के पक्ष में मतदान करेगी।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं भाजपा नेता जगमोहन आनंद, शशिपाल मेहता, वीर विक्रम कुमार, दीपक गुप्ता, अमरजीत चावला, बृज गुप्ता, विपिन गुप्ता, सोहन सिंह राणा, रमेश चंद्र सहित अन्य मौजूद रहे।

## सीबीआई की ऐप-आधारित धोखाधड़ी निवेश योजना के खिलाफ 10 राज्यों में छापेमारी

नई दिल्ली। (एजेंसी) केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को ऐप-आधारित कथित धोखाधड़ी वाली निवेश योजना से संबंधित एक मामले की जांच के दौरान देश के 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 30 ठिकानों पर एक साथ छापे मारे।

इस दौरान सीबीआई को लैपटॉप, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, कंप्यूटर हार्ड ड्राइव, सिम कार्ड, डेबिट कार्ड और अन्य अहम चीजें बरामद हुई।मामले में सीबीआई ने बताया कि एचपीजेड टोकन ऐप से जुड़ी निवेश योजना के मामले में कथित धोखाधड़ी के मामले में मिली शिकायत पर उसने मामला दर्ज किया था।




सीबीआई ने बताया कि यह मुकदमा दो प्राइवेट कंपनियों और उनके निदेशकों तथा अन्य आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया गया। मुकदमा भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी, 419,420 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 66 डी के तहत दर्ज किया गया। आरोप है कि शिगू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड और लिलियन टेक्नोकैब प्राइवेट लिमिटेड - अपने निदेशकों के साथ एचपीजेड टोकन ऐप से संबंधित धोखाधड़ी वाली निवेश योजना में आरोपी संलिप्त थे।

इस योजना में जनता को गैर-मौजूद क्रिप्टो-मुद्रा माइनिंग मशीन किराये में निवेश करने के लिए गुमराह करना शामिल था। एचपीजेड एक ऐप-आधारित टोकन है जो उपयोगकर्ताओं को बिटकॉइन और अन्य क्रिप्टो करेंसी के लिए माइनिंग मशीनों में निवेश करके बड़े लाभ का झांसा देते हैं।

इसके तहत सीबीआई ने दिल्ली-एनसीआर, जोधपुर, बेंगलुरु, मुंबई, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, बिहार और मध्य प्रदेश में 30 ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान टीम को बड़ी संख्या में ईमेल अकाउंट के बारे में भी जानकारी मिली। सीबीआई का आरोप है कि एचपीजेड एक ऐप आधारित टोकन है।

## सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने स्पेक्ट्रम आवंटन पर केंद्र की याचिका अस्वीकार की

नयी दिल्ली (एजेंसी) उच्चतम न्यायालय की रजिस्ट्री ने 2012 के 2जी स्पेक्ट्रम फैसले से हटकर कुछ विशेष मामलों में स्पेक्ट्रम के प्रशासनिक स्तर पर आवंटन की अनुमति देने की केंद्र सरकार की याचिका स्वीकार करने से इनकार कर दिया।




शीर्ष अदालत के रजिस्ट्रार (न्यायिक सूची) पवनेश डी ने याचिका को 'गलत धारणा' वाला करार दिया, क्योंकि सरकार ने स्पष्टीकरण मांगने की आड़ में 2012 के आदेश की समीक्षा की मांग की थी। उन्होंने कहा कि लंबे समय अवधि के बाद दायर इस याचिका पर विचार करने के लिए कोई 'उचित कारण' नहीं पाया गया। उन्होंने अस्वीकार करते हुए कहा, ÷इस अदालत द्वारा निर्धारित सिद्धांतों के मद्देनजर केंद्र के इस आवेदन पर गौर करने पर स्पष्ट हुआ कि यह सुनवाई करने योग्य नहीं है, क्योंकि यह याचिका ( विचार करने के लिए) किसी भी उचित आधार का खुलासा नहीं करता है। रजिस्ट्रार ने यह भी कहा कि आवेदक ने समीक्षा याचिका में पहले से ही की गई एक समान प्रार्थना के साथ वर्तमान आवेदन दाखिल करने की आड़ में लंबे समय के बाद खुली अदालत में मामले की दोबारा सुनवाई कराने का प्रयास किया, जिसकी अनुमति नहीं दी जा सकती।

रजिस्ट्रार ने कहा, दो फरवरी 2012 के फैसले में साफ तौर पर कहा गया है कि आवेदक को फैसले के स्पष्टीकरण के लिए इस प्रकृति का आवेदन दायर करने का अधिकार नहीं देती है। इससे भी स्पष्ट है कि जब भारत सरकार की ओर से शीर्ष अदालत द्वारा निर्धारित कानून (निर्धारित) की समीक्षा की मांग करते हुए दायर की गई समीक्षा याचिका 10 मई, 2012 को वापस ले ली गई।

## चुनाव आयोग ने मतदाताओं से उम्मीदवारों की जानकारी जांचने का किया आग्रह

नयी दिल्ली (एजेंसी) लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही चुनाव आयोग ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के मतदाताओं से अपने उम्मीदवारों के बारे में जानकारी जांचने का आग्रह किया।

लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया 29 अप्रैल को शुरू हो गई है और यह छह मई तक जारी रहेगी।

आयोग ने कहा है कि उसने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर नामांकन दाखिल करने वाले उम्मीदवारों की जानकारी अपलोड कर दी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सभी पंजीकृत मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों यानी चांदनी चौक, उत्तर पूर्व, पूर्व, नई दिल्ली, उत्तर पश्चिम (सुरक्षित), पश्चिम और दक्षिण के उम्मीदवारों द्वारा फॉर्म -26 में शपथ पत्र जमा किए जा रहे हैं। शपथ-पत्र मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) दिल्ली की आधिकारिक




वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। शपथपत्रों में नामांकन दाखिल करने वाले उम्मीदवारों से संबंधित शैक्षणिक योग्यता, चल और अचल संपत्ति, अदालती मामले, सरकारी बकाया और अन्य देनदारियों जैसी जानकारी शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दिल्ली के सभी मतदाताओं को सलाह दी और उन्हें प्रोत्साहित किया कि वे अपने उम्मीदवारों के बारे में घोषित जानकारी वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यडॉटसीईओदिल्लीडॉटएनआईसीडॉटइन पर प्राप्त कर सकते हैं ।

## राहुल गांधी ने प्रज्वल रेवन्ना मामले में प्रधानमंत्री से पूछे सवाल

नई दिल्ली/एजेंसी। जेडीएस से निष्कासित नेता प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ लगे यौन शोषण के आरोपों को लेकर सियासत थमने का नाम नहीं ले रही है. इस मामले में अब राहुल गांधी का भी बयान आया है. उन्होंने पीएम मोदी पर हमला बोला और रेवन्ना मामले को लेकर अपने एक्स अकाउंट के जरिए सवाल भी पूछे. राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, कर्नाटक में महिलाओं के साथ हुए वीभत्स अपराध पर भी नरेंद्र मोदी ने हमेशा की तरह शर्मनाक चुप्पी साध ली है. प्रधानमंत्री को जवाब देना होगा, सब कुछ जान कर भी सिर्फ वोटों के लिए उन्होंने सैकड़ों बेटियों का शोषण करने वाले हैवान का प्रचार क्यों किया. आखिर इतना बड़ा अपराधी बड़ी सहूलियत के साथ देश से फरार कैसे हो गया?

**राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर साधा निशाना**

साथ ही राहुल गांधी ने पीएम मोदी और बीजेपी पर हमला बोला. उन्होंने कहा कि कैसरगंज से कर्नाटक और



उन्नाव से उत्तराखण्ड तक, बेटियों के गुनहगारों को प्रधानमंत्री का मूक समर्थन देश भर में अपराधियों के हौसले बुलंद कर रहा है. क्या मोदी के 'राजनीतिक परिवार' का हिस्सा होना अपराधियों के लिए 'सुरक्षा की गारंटी' है?

**महिला की शिकायत पर दर्ज किया केस**

कर्नाटक पुलिस ने रविवार को कहा कि प्रज्वल रेवन्ना और उनके पिता एचडी रेवन्ना पर उनके घर में काम करने वाली एक महिला की शिकायत के आधार पर यौन उत्पीड़न और आपराधिक धमकी के आरोप में मामला दर्ज किया गया है. प्रज्वल रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते और पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के भतीजे हैं.

**जेडीएस ने किया पार्टी से निष्कासित**

कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल इस मुद्दे को लेकर आक्रामक रूख अपनाए हुए हैं. बता दें कि कर्नाटक में बीजेपी का जेडीएस के साथ गठबंधन है. हालांकि, प्रज्वल रेवन्ना पर लगे आरोपों के बाद पार्टी ने उन्हें निष्कासित कर दिया है.

## अभय सिंह चौटाला ने कुरुक्षेत्र से दाखिल किया नामांकन, सुखबीर सिंह बादल भी रहे मौजूद



कुरुक्षेत्र/एजेंसी। हरियाणा में लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रकिया शुरू होने के बाद उम्मीदवारों ने अपना पर्चा दाखिल करना शुरू कर दिया है. हरियाणा के कुरुक्षेत्र से इनेलो(INLD) उम्मीदवार अभय सिंह चौटाला ने आज अपना नामांकन दाखिल कर दिया है. इस दौरान उनके साथ शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष और पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर सिंह बादल मौजूद रहे. साथ ही करनाल से इनेलो और एनसीपी (NCP) के संयुक्त प्रत्याशी मराठा वीरेंद्र वर्मा भी उनके साथ नामांकन दाखिल करवाने के लिए पहुंचे थे. अपने नामांकन के बारे में जानकारी देते हुए कुरुक्षेत्र से इनेलो(INLD) उम्मीदवार अभय सिंह चौटाला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (X) पर पोस्ट करते हुए लिखा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा के किसान, कमेरे और पिछड़े समाज के विश्वास के साथ आज इनेलो के उम्मीदवार के तौर पर नामांकन पत्र दाखिल किया। मेरे साथ इस मौके पर शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष भाई सुखबीर सिंह बादल और मराठा वीरेंद्र वर्मा और मेरी पत्नी कांता चौटाला मौजूद रही.

## कुमारी सैलजा ने सिरसा लोकसभा सीट से किया नामांकन

सिरसा/एजेंसी। कांग्रेस उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने बुधवार को सिरसा लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल किया. कुमारी सैलजा अपने समर्थकों और बड़े नेताओं के साथ सिरसा के लघु सचिवालय में जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में पहुंचकर नॉमिनेशन के कागजात फाइल किया. सैलजा के नामांकन में SRK गुट (सैलजा, रणदीप सुरजेवाला और किरण चौधरी) के नेता मौजूद रहे. लेकिन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा नहीं पहुंचे.

**सैलजा के साथ पहुंचे SRK गुट के सभी बड़े नेता**



सिरसा निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में कुमारी सैलजा के नामांकन के समय उनके साथ पूर्व मंत्री किरण चौधरी, कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व मंत्री रणदीप सुरजेवाला, हरियाणा के पूर्व डिप्टी सीएम और भजनलाल के बड़े चंद्रमोहन बिश्नोई, पूर्व सांसद और किरण चौधरी की बेटी श्रुति चौधरी और पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह मौजूद रहे.

## देश के लिए तो मैं सिर्फ एक सेवक हूं: मोदी

हिम्मतनगर (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में बुधवार को कहा कि शायद दुनिया के लोग उन्हें एक देश के प्रधानमंत्री के तौर पर जानतें होंगे। परंतु देश के लिए तो मैं सिर्फ एक सेवक हूं। देशवासियों के लिए सेवा का व्रत लेकर निकला हुआ, हमेशा आपका साथी नरेन्द्रभाई हूं। यही शक्ति है जिसे लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं। मोदी



ने साबरकांठा के हिम्मतनगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में जब आपने मुझे दिल्ली भेजा तो छोटे-मोटे काम करने के लिए थोड़े भेजा था। आपने मुझे चुनौतियों को चुनौती देने के लिए भेजा था। चुनौतियों को टालने के लिए नहीं चुनौतियों से टकराने के लिए भेजा था। इस मिट्टी में वह ताकत है दुनिया ने महात्मा गांधी में वो ताकत देखी थी।

## मोदी सरकार का 10 साल का कार्यकाल श्रमिकों के लिए रहा अन्याय काल : कांग्रेस

नयी दिल्ली (एजेंसी) कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल और खासकर दूसरे कार्यकाल को श्रमिकों के लिए अन्याय काल बताया और कहा कि इस अवधि में मजदूरों के हित में कोई कदम नहीं उठाए गए है।पार्टी का मानना है कि मोदी सरकार के दोनों कार्यकाल में मजदूरों के कल्याण पर ध्यान नहीं दिया गया है। श्रमिकों के लिए इस दौरान कोई नीति नहीं बनाई गई है और उनके साथ अन्याय किया गया है। इसी का परिणाम है कि पिछले एक दशक में श्रमिकों की वास्तविक मजदूरी दर बढ़ाने की बजाय स्थिर हो गई है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन



में कहा पिछले 10 साल श्रमिकों के लिए 'अन्याय काल' रहा हैं। सरकारी आंकड़ें देखें तो-साल 2014-2023 के बीच में श्रमिकों की वास्तविक मजदूरी स्थिर हो गई है। खासकर, मोदी जी के दूसरे कार्यकाल में वास्तविक मजदूरी में गिरावट आई है- वहीं, डॉ. मनमोहन सिंह जी के कार्यकाल 2004-2014 में खेत मजदूरों की वास्तविक मजदूरी दर में हर साल 6.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी लेकिन पिछले 10 साल में खेत मजदूरी की मजदूरी दर हर साल 1.8 प्रतिशत गिरी है।

उन्होंने कहा आज अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस है इसलिए मैं फिर से श्रमिक न्याय की 5 गारंटी बताना चाहता हूं, जो हमने अपने न्याय पत्र में दी है। श्रम का सम्मान - दैनिक मजदूरी कम से कम 400 रुपए, मनरेगा में भी लागू। सबको स्वास्थ्य अधिकार - 25 लाख रुपए का हेल्थ-कवर- मुफ़्त इलाज़, अस्पताल, डॉक्टर, दवा, टेस्ट, सर्जरी। शहरी रोजगार गारंटी - शहरों के लिए भी मनरेगा जैसी नई योजना। सामाजिक सुरक्षा - असंगठित मजदूरों के लिए जीवन और दुर्घटना बीमा। सुरक्षित रोजगार - मुख्य सरकारी कार्यों में कांट्रैक्ट सिस्टम मजदूरी बंद।

## श्रीराम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का 10+2 कक्षा का मार्च 2024 का परिणाम रहा शत प्रतिशत

अटल हिंद/योगेश गर्ग




**फरीदाबाद, 01 मई।** विद्यालय में काजल D/o राजू सोनी नेकपुर ने कॉमर्स स्काय में 432/500 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा हर्ष S/O रामवीर ने विज्ञान संकाय में 427/500 अंक लेकर विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। संजना D/O महेंद्र सिंह (डीग) ने कला संकाय में 415/500 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है तथा विद्यालय में 13 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान बनाया है और बाकी सभी विद्यार्थी प्रथम तथा दूसरी श्रेणी में पास हुए है। इसके लिए संस्था के चेयरमैन डॉ. रामप्रकाश वशिष्ठ तथा सचिव श्रीमती सविता वशिष्ठ ने सभी प्राध्यापकगण तथा अध्यापकगणों और अभिभावकों को इस परिणाम के लिए दिल से धन्यवाद किया है

## हरियाणा की बेटियां अपनी सफलता से देश में बन रही है उदाहरण: राजकुमार वोहरा

अटल हिंद/योगेश गर्ग



**फरीदाबाद, 01 मई।** हरियाणा की बेटियां सकारात्मक सोच के साथ स्वयं को सक्षम बनाकर कामयाबी के शिखर पर पहुँच रही है और अपनी सफलता से देश में उदाहरण बनती जा रही है। प्रदेश की बेटियों ने अपनी सफलता और से समाज की सोच में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने फरीदाबाद के गांव भगोला की भांजी सलोनी शर्मा द्वारा यूपीएससी में ऑल इंडिया रैंक 129 प्राप्त करने पर बधाई देते हुए कहा। भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने जिला उपाध्यक्ष सुखबीर मलेरना के साथ सलोनी शर्मा के घर जाकर उनकी सफलता पर उन्हें फूल का गुच्छ बैठकर हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर उनकी माता श्रीमती लक्ष्मी देवी एवं पिता सुभाष शर्मा और अन्य लोग उपस्थित रहे। राजकुमार वोहरा ने इस अवसर पर कहा कि 2015 में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 'बेटी बचाओ बेटी पढाओ' अभियान की शुरुआत हरियाणा की धरती से किया था जिसका पुरे देश में व्यापक असर दिखाई दे रहा है। नारी शक्ति वन्दन के माध्यम से मोदी जी ने महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभा में 33 त्न और ताऊ मनोहर लाल जी द्वारा प्रदेश में पंचायतों और स्थानीय निकाय में 50 त्न आरक्षण देना महिला सशक्तिकरण की एक अतुलनीय मिसाल है। देश की आधी आबादी को केन्द्रित कर मोदी सरकार द्वारा योजनाओं बनाई जा रही है ताकि देश की महिलाएं सशक्त हो सके।

## 4 मई को नामांकन दाखिल करेंगे इनैलो के लोकसभा प्रत्याशी सुनील तेवतिया

अटल हिंद संवाददाता

**फरीदाबाद, 01 मई।** लोकसभा चुनाव को लेकर इंडियन नेशनल लोकदल की लोकसभा स्तर की एक एक बैठक आज यहां सेक्टर-3 स्थित राजा नाहर सिंह पैलेस में आयोजित की गई। बैठक में फरीदाबाद और पलवल दोनों जिलों के पदाधिकारियों ने भाग लेकर चुनावी रणनीति तैयार की। बैठक में फैसला किया गया कि आगामी 4 मई को इनैलो के लोकसभा प्रत्याशी सुनील तेवतिया अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इससे पहले सैक्टर 3 में एक सभा का आयोजन भी होगा। वहीं बैठक में बूथ प्रबंधन पर भी जोर दिया गया तथा पार्टी पदाधिकारियों को इसके लिए जिम्मेदारियां भी सोंपी गई। वहीं आगामी 5 मई से समूचे लोकसभा क्षेत्र के 9 विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार किया जाएगा जिसके तहत क्षेत्र के सभी बडे गावों में सभाओं का आयोजन कर पूर्व उप-प्रधानमंत्री स्व. चौधरी देवीलाल और पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला सरकारों में प्रदेश की जनता के हित में लिए गए फैसलों से लोगों को अवगत कराया जाएगा। बैठक में फरीदाबाद के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र चौहान, कार्यकारी अध्यक्ष देवेन्द्र तेवतिया, पलवल के जिलाध्यक्ष अजीत बॉबी, जिला प्रधान महासहिचव बच्चू सिंह तेवतिया, युवा जिलाध्यक्ष अजय चौधरी, महिला जिलाध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू, महेन्द्र चौहान, तैय्यब हुसैन भीमसिका, बलदेव देशवाल, सतपाल देशवाल, सत्ते पहलवान, दिनेश दलाल, बोधराज, सुरेश मोर, ओमदत्त नागर, सरदार कुलदीप सिंह, राजीव शर्मा सोनू हुड्डा, धर्मेन्द्र हुड्डा, कमलजीत सिंह, घीसाराम, चन्दन सिंह सौरोत, वेद पहलवान आदि मुख्यरूप से मौजूद थे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष देवेन्द्र चौहान व अजीत बॉबी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के लोग भाजपा शासन से दुखी व परेशान हैं और आज फिर से ताऊ देवीलाल की सरकार को याद कर रहे हैं, बस जरूरत है तो उन्हें जागरूक करने की। इसलिए सभी कार्यकर्ता चुनाव के प्रचार व प्रसार में जुट जाएं और गावों में अपने-अपने बूथों को मजबूत कर लें। उन्होंने कहा कि इनैलो ही सही मायनों में देवीलाल के सपनों की पार्टी है और लोग विधायक अभय चौटाला की बात पर विश्वास करते हैं।

# लोगों के उत्साह से फरीदाबाद में लगेगी भाजपा की जीत की हैट्रिक : कृष्णपाल गुर्जर

अटल हिंद/योगेश गर्ग



**फरीदाबाद, 01 मई।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र के गांव बड़ौली में आज भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद हजारों की संख्या में लोगों ने श्री गुर्जर को अपने पलक-पावड़े बिठाकर सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर उनका जयघोष करते हुए उन्हें भारी बहुमत से विजयी बनाकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में लगातार तीसरी बार भेजने का भरोसा दिलाया। सैकड़ों युवा उन्हें कंधों पर बिठाकर कार्यक्रम स्थल तक लेकर पहुंचे, जहां भाजपा जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, कृष्णपाल गुर्जर जिंदाबाद के गगनचुंबी नारे लगाकर पूरे माहौल को भाजपामय कर दिया। कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ से गद्गद् भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि जिस प्रकार से लोगों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार के दस वर्षो के शासनकाल में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यो के प्रति जबरदस्त उत्साह नजर आ रहा है, उससे स्पष्ट है कि देश में और फरीदाबाद में भाजपा जीत की हैट्रिक लगाएगी। उन्होंने कहा कि आज हर वर्ग मोदी जी की नीतियों में अपनी आस्था जता रहा है, लोग देश को मजबूत हाथों में सौंपने का मन बना चुके है और केवल नरेंद्र मोदी जी एकमात्र ऐसे व्यक्ति है, जो भारत की एकता, अखंडता और स्वाभिमान की रक्षा कर सकते है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज दोराहे पर खड़ी है, उसके अपने ही घर के सदस्य एकजुट नहीं है भला वह देश को कैसे संभालेगी, उन्होंने कांग्रेसियों को नसीहत देते हुए कहा कि वह पहले अपने परिवार ठीक करे, देश की चिंता न करे, देश को मोदी जी संभाल लेंगे। श्री गुर्जर ने कहा भाजपा के दस वर्षो के शासनकाल में गरीब, दलित, पिछड़े, किसान, कमेरे वर्ग सहित छत्तीस बिरादरी के हितों के लिए कार्य किए गए, अनेकों ऐसी योजनाएं क्रियान्वित हुई है, जिसका लाभ हर वर्ग उठा रहा है। मोदी सरकार ने बिचौलियों की दुकान बंद करके हर विभाग में पारदर्शिता लाने का काम किया है, यही कारण है कि आज समूचा सरकारी तंत्र ऑनलाईन हो गया है और बिलौचिये और दलाल के समक्ष भूखे मरने की नौबत आ गई है।

## पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने 10 पुलिसकर्मियों को चुना 'हीरो ऑफ द वीक', प्रशंसा पत्र और नकद इनाम देकर किया प्रोत्साहित

अटल हिंद/योगेश गर्ग




**फरीदाबाद, 01 मई।** पुलिस आयुक्त श्री राकेश कुमार आर्य द्वारा ड्यूटी के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों की हौसलाअफजाई करने के लिए 'हीरो ऑफ द वीक' अभियान शुरू किया गया था। जिसमें सम्मानित किए जाने वाले पुलिसकर्मियों के साथ चाय पर चर्चा कर उनके द्वारा किए गए कार्य के बारे में जाना गया। साथ ही चाय पर चर्चा करते हुए पुलिस कार्यप्रणाली को बेहतर करने के लिए उनसे सुझाव व उनके व्यक्तिगत समस्या के बारे में पूछकर उनकी समस्याओं का समाधान किया गया और बतौर हीरो सम्मानित करने के लिए प्रशंसा पत्र व इनाम दिया गया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि जिन पुलिसकर्मियों ने अपने क्षेत्र में अच्छा कार्य किया है उन्हें पुलिस आयुक्त ने अपने कार्यालय में चाय पर चर्चा करते हुए उनके कार्यो के अनुभवों के बारे में जाना गया। सम्मानित किए गए पुलिसकर्मियों में निम्नलिखित पुलिसकर्मी शामिल है-

क्राइम ब्रांच डीएलएफ में तैनात उपनिरीक्षक विजय कुमार तथा मुख्य सिपाही जोगिंदर सिंह के द्वारा अवैध हथियार सप्लाई करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए मेरठ में अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री पकड़ी। इस मामले में अवैध हथियार बनाने, सप्लाई करने और रखने/प्रयोग करने वाले सहित 10 आरोपियों राहुल, कपिल, हैदर अली, मोहम्मद हैदर, इरशाद, मुकेश उर्फ मुक्का, साजिद, महिला आरोपी शबनम और शबनम का बेटा फरमान तथा दामाद तैयब को अब तक गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपियों के कब्जे से 11 देशी पिस्टल, 2 देशी कट्टे, 66 जिंदा रौंद, 7 मैगज़ीन, वारदात में प्रयोग 1 गाड़ी, 1 मोटरसाइकिल तथा काफी मात्रा में हथियार बनाने का सामान, औजार, डम्मी रिवाल्वर तथा डाई बरामद की गई। क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने 19 मार्च को सूरजकुंड थाना ग्रीनफिल्ड एरिया में 4 आरोपियों को अवैध असलाह सहित गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 6 अवैध हथियार तथा 40 कारतूस बरामद किए थे। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि यह असलाह वह इरशाद से लेकर आए थे। उपनिरीक्षक विजय की टीम ने आरोपी इरशाद को 2 अप्रैल को बल्लभगढ़ रेलवे स्टेशन से काबू किया। इरशाद के कब्जे से 1 पिस्टल तथा 2 खाली मैगजीन बरामद की। सिटी बल्लभगढ़ थाने में अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान उसने साथी आरोपी मुकेश के बारे में बताया। आरोपी मुकेश को भी बल्लभगढ़ से 1 देशी पिस्टल और 1 मैगजीन और 2 जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी उत्तर प्रदेश के मेरठ के रहने वाले किसी व्यक्ति से यह असला खरीदकर लाते थे और एनसीआर एरिया में सप्लाई करते थे।

### दैनिक पंचांग

**02 मई 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.12 बजे से |
| चंद्र | मकर में | मिथुन | 08.10 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 10.24 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 12.40 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 14.52 बजे से |
| शुक्र | मेष में | तुला | 17.02 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 19.17 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.33 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 23.38 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | कुंभ | 01.25 बजे से |
| | | मीन | 02.58 बजे से |
| | | मेष | 04.28 बजे से |

**गुरुवार** 2024 वर्ष का 123 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** नवमी 01.54 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** धनिष्ठा 01.49 बजे रात्र को समाप्त। **योग** शुक्ल(शुक्र) 17.19 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 15.00 बजे तदनन्तर गर 01.54 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 23.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 15° 28' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871967 **जूलियन दिन** 2460432.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** सव्वाल **तारीख** 22

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

### आज का राशिफल

| | | |
|---|---|---|
| मेष राशि :- कुछ विद्युत कार्य करेगा, कुटुम्ब में घोर अशांति बनेगी, कार्य बना लें। | वृष राशि :- स्त्री वर्ग से चिन्ता, तनाव, क्लेश तथा मानसिक उद्विघ्नता अवश्य ही बनेगी, ध्यान दें। | मिथुन राशि :- तनाव, क्लेश व अशांति, मानसिक विभ्रम तथा अनावश्यक उद्विघ्नता बनेगी। |
| कर्क राशि :- भाग्य का सितारा साथ देगा, बिगड़े कार्य अवश्य ही बन जायेंगे, योजना बनेगी। | सिंह राशि :- आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा तथा कार्य में सुधार अवश्य ही होगा। | कन्या राशि :- क्लेश व अशांति, कार्य-व्यवसाय में बाधा अवश्य होगी, भ्रमण होगा। |
| तुला राशि :- मानसिक उद्विघ्नता, स्वास्थ्य नरम रहेगा, धन का व्यर्थ व्यय होगा। | वृश्चिक राशि :- तनाव, क्लशे व अशांति, मानसिक बेचैनी, धन का व्यर्थ व्यय होगा। | धनु राशि :- चिन्तायें कम हों, इष्ट मित्र सुख वर्धक होंगे, तनाव, क्लेश व अशांति अवश्य बनेगी। |
| मकर राशि :- धन कष्ट, व्यय, चोटादि की संभावना, सतर्कता बरतें, समय का ध्यान रखें। | कुंभ राशि :- कार्य-कुशलता से संतोष एवं समृद्धि के योग अवश्य ही बनेंगे, ध्यान दें। | मीन राशि :- भाग्य का सितारा मंद रहे, तनाव, क्लेश व अशांति होगी, ध्यान दें। |

## थाना सिटी बल्लबगढ़ की टीम ने बल्लभगढ़ स्थित सरकारी अस्पताल में आमजन को मतदान, साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा और डायल 112 के संबंध में किया जागरूक

अटल हिंद/योगेश गर्ग



**फरीदाबाद, 01 मई।** पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश के तहत फरीदाबाद पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में डीसीपी बल्लबगढ़ अनिल कुमार के निर्देश अनुसार सिटी बल्लभगढ़ थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर महेंद्र और उनकी पुलिस टीम ने बल्लभगढ़ सरकारी अस्पताल में आमजन को मतदान करने, महिला सुरक्षा, साइबर क्राइम, नशे से बचने और डायल 112 एप के बारे में बतलाया। पुलिस टीम ने महिला विरुद्ध अपराध के संबंध में जागरुक करते हुए बताया कि अगर कोई महिला घर या ऑफिस से निकलती है और कोई व्यक्ति उसका पीछा करता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दे। इसके साथ ही पोक्सो एक्ट दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराई के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए महिलाओं को इसके विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद करने के तरीके बताए गए। महिला अपनी सुरक्षा के लिए डायल 112 एप डाउनलोड करें। अगर कोई व्यक्ति महिला का आई-जाते समय पीछा करता है तो तुरंत पुलिस को डायल 112 पर सूचना दें सूचना के 5-10 मिनट के अंदर पुलिस टीम आपकी सहायता के लिए पहुंच जाएगी। पुलिस टीम ने कर्मचारियों को आगामी लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। लोगों को जागरुक करते हुए बताया गया कि अधिक से अधिक लोग मतदान में हिस्सा लेकर अपना प्रतिनिधि चुने जो कि आपकी बातों को संसद में ले जाकर आपकी समस्याओं का हल कर सके। पुलिस टीम ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस चुनाव को शांतिपूर्ण स्वतंत्र व निष्पक्ष तरीके से पूरा करवाने के लिए पूरी तैयारी कर रही हैं और चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा जाएगा। चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था में भंग करने का प्रयास करने वाले लोगों की सूचना पुलिस को दें। चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वाले उपद्रवियों के साथ फरीदाबाद पुलिस सख्ती से निपटेगी। पुलिस टीम ने बताया कि आजकल साइबर अपराध बहुत बढ़ चुके हैं तथा साइबर ठग अलग-अलग बहाने बनाकर ठगी की वारदात को अंजाम देते हैं। साइबर अपराधी पीडितो को लैप्स बीमा पॉलिसि का फुल रिटर्न दिलाने के नाम पर,कुछ मिनट में ही लोन देने के लिए, घर बैठे लोन उपलब्ध करवाने का लालच देती हैं और फर्जी ऐप डाउनलोड करता दे, क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढवाने के नाम पर, घर बैठे कमाने का लालच, फ्री गिफ्ट, लॉटरी लगना के नाम पर,वाउचर जीतने के नाम पर,KYC के नाम पर, बैंक कर्मी बनकर, विदेश भेजने के नाम पर,जाब दिलाने के नाम पर,अश्र्लील वीडियो कॉल रिकॉर्ड से ब्लैकमेल कर इत्यादी के नाम पर फ्रॉड करते हैं।

## कांग्रेस प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह के पक्ष में पाली में उमडा जनसैलाब

अटल हिंद/योगेश गर्ग



**फरीदाबाद, 01 मई।** फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह को बुधवार को आज उस समय बडी कामयाबी मिली जब एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के 28 गावों के लोगों ने एकजुट हो पाली गांव में आयोजित विशाल जनसभा में अपने खुले समर्थन का ऐलान कर दिया। हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों का उत्साह देखने लायक था तथा उन्हें सभास्थल तक एक विशाल काफिले के साथ लाया गया। वह जहां-जहां से गुजरे वहां-वहां रास्ते में दोनों सडक के दोनों तरफ जेसीबी खडी करके पुष्पवर्षा की गई जो नजारा देखने लायक था। सभा में अबकी बार महेन्द्र प्रताप के नारों के साथ वातावरण को कांग्रेसमय बनकर मंच पर क्षेत्र के लोगों ने पूर्व मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह व क्षेत्र के विधायक पंडित नीरज शर्मा का पगडी बांधकर खुला ऐलान किया और विश्वास दिलाया कि एनआईटी क्षेत्र से लोकसभा में सबसे अधिक मतों के अंतर से विजयी बनाएंगे।

इस दौरान लोगों में भारी जोश देखने को मिला और सभा में उमडे अपार जनसैलाब से गदगद पूर्व मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप ने कहा कि एनआईटी क्षेत्र के पाली गांव में आयोजित इस चुनावी जनसभा को लोगों ने विशाल रैली में तब्दील कर संकेत दे दिया है कि इस बार लोकसभा चुनाव में यहां की जनता नया इतिहास लिखने जा रही है। उन्होंने भावुक हो जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चुनावी शुरूआत में ही इतना अपार प्यार व स्नेह देकर मेरे दिल को जीत लिया है और वह भी विश्वास दिलाते हैं कि सांसद बनने के बाद एनआईटी क्षेत्र में समानता के साथ हर वर्ग के विकास में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोडेंगे। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद में अब बदलाव की हवा शुरू हो गई है जो बहुत जल्द ही आंधी का रूप लेगी क्योंकि अब समय आ गया है जब जनता भाजपा के कुशासन और भ्रष्टाचार से मुक्ति पाने के लिए इंडिया गठबंधन को विजयी बनाएगी।

उन्होंने कहा कि पिछले दस साल के शासन में फरीदाबाद के लोगों को सिवाय धर्म और जात-पात की राजनीति के अलावा कुछ नहीं मिला। उन्होंने पूर्व की कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के समय का जिक्र करते हुए कहा कि फरीदाबाद का सही विकास हुड्डा साहब की दैन है। भाजपा ने तो केवल लोगों को बेवकूफ बनाने का काम किया है। स्मार्ट सिटी के नाम पर और शहर के विकास के नाम पर हजारों करोड डकार लिए गए। मैट्रो का एक भी पिलर भाजपा पिछले 10 वर्षो में नहीं लगा पाई है।

### एक नजर

## दुष्यंत चौटाला की उपस्थिति में नलिन हुड्डा ने दाखिल किया नामांकन




**अटल हिंद संवाददाता/फरीदाबाद, 01 मई।** जजपा के प्रत्याशी नलिन हुड्डा ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की उपस्थिति में अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान जजपा के तमाम युवा कार्यकर्ताओं ने विशाल कार रैली कर शक्ति प्रदर्शन भी किया। हरियाणा के पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने हरियाणा के फरीदाबाद के सेक्टर 65 स्थित नवनिर्मित JJP कार्यालय का उद्घाटन किया. उसके बाद भारी संख्या में एकत्रित JJP कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर विशाल कार रैली में शामिल होकर नलिन हुड्डा का नामांकन दाखिल करवाया। दुष्यंत चौटाला ने प्रेस से बात करते हुए विपक्ष पर करारा हमला किया।

नलिन हुड्डा की ये विशाल कार रैली फरीदाबाद के सेक्टर 65 से ऊंचा गांव, -मोहना रोड- अम्बेडकर चौक- तिगांव रोड-सीही गेट- सेक्टर 3 नहर की पुलिया-7-8 डिवाइडिंग- 4mca चौक – मथुरा रोड-ओल्ड चौक -सेक्टर 16 त्तत्र्न्न हॉस्पिटल से 15 सेक्टर की तरफ से सेक्टर 12 पहुंची।

## क्राइम ब्रांच 65 ने दुष्कर्म और भ्रूणहत्या के मामले में 16 साल से फरार आरोपी पीओ को किया गिरफ्तार

**अटल हिंद संवाददाता/फरीदाबाद, 01 मई।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा द्वारा जघन्य अपराधों में आरोपियों की धरपकड़ के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी तरुण कुमार की टीम ने दुष्कर्म के मुकदमे में 16 वर्ष से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम रफीक(33) है जो राजस्थान के डीग जिले के घगवाड़ी गांव का रहने वाला है। सितंबर 2008 में सदर बल्लभगढ़ थाने में दुष्कर्म तथा भ्रूण हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी ने अपने भाई की साली को झांसा देकर उसके साथ अवैध संबंध बनाए और जब वह गर्भवती हो गई तो 7 महीने के भ्रूण को गिरवाने के लिए फतेहपुर बिलोच में स्थित महावीर हॉस्पिटल में आए थे जहां पर पुलिस को सूचना मिली थी जिस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची लेकिन तब तक भ्रूण को गिराया जा चुका था। इस मामले में पीड़ित लड़की के बयान करवाए गए जिसके आधार पर सदर बल्लभगढ़ थाने में भ्रूण हत्या और दुष्कर्म की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश की गई।



साइबर क्राइम के आमजन रहे सचेत

# थाना साइबर क्राईम टीम ने किया पुलिस लाइन में चलाया राहगीरी साइबर जागरूकता अभियान

अटल हिंद संवाददाता

कैथल, 01 मई। प्रत्येक महिने के पहले बुधवार को पुलिस महानिदेशक हरियाणा के आदेशानुसार राहगीरी प्रोग्राम का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में एसपी उपासना के मार्गदर्शन में साइबर क्राईम थाना पुलिस टीम द्वारा पुलिस लाइन कैथल में राहगीरी साइबर क्राइम जागरुकता अभियान के तहत लोकसभा चुनाव के मध्यनजर जिला कैथल में आए पैरामिल्ट्री फोर्स के अधिकारियों-कर्मचारियों, जिला पुलिस कर्मचारियों व आमजन को साइबर अपराधो बारे जागरूक किया गया। इस दौरान साइबर थाना पुलिस के एएसआई



रविंद्र कुमार की टीम ने बताया कि आमजन सोशल मीडिया पर आधिकारिक फेसबुक अकाउंट पर कैथल पुलिस एवं ट्विटर पर साइबर दोस्त को लाइक करके पुलिस से संबंधित सभी जानकारियों से अपडेट रह सकते हैं। इस दौरान थाना साइबर क्राईम पुलिस टीम ने बताया कि आधुनिकता के युग में आज हर क्षेत्र का डिजिटलीकरण हो गया है जिसके कारण आम नागरिकों को जहां इस कारण बहुत लाभ हुआ है वही अपराधी किस्म के लोग इसमें सेंध लगाकर साइबर क्राइम कर आम आदमी के साथ रोज नित नए तरीके अपनाकर फ्रॉड कर रहे हैं, इन्हें रोकने के लिए हम सबको मिलकर सांझे प्रयास करने होंगे। उन्होंने सभी से अपील की कि वे किसी भी प्रकार से प्राप्त हुए लिंक को ना खोले और किसी भी फोन कॉल, संदेश, ईमेल इत्यादि पर दिए गए प्रलोभन या विश्वास में आकर अपनी कोई भी निजी जानकारी किसी के साथ सांझा ना करे। ऑनलाइन खरीदारी करते समय विशेष तौर पर सावधानी बरते व सतर्क रहकर एडवांस पे ना करें।

# आओ सब मतदान करें-जनमत का सम्मान करें जागरूकता गीतों से गुंजायमान हुआ रेवाड़ी

अटल हिंद/मनोज गोयल

रेवाड़ी, 1 मई। लोकसभा चुनाव के लिए आगामी 25 मई को होने वाले मतदान के लिए जिला प्रशासन की देखरेख में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप) के अंतर्गत बुधवार को रेवाड़ी शहर के के.एल.पी. कॉलेज ऑडिटोरियम में जिला आइकॉन देसी रॉकस्टार एमडी ने युवा मतदाताओं से अपील की कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें तथा जिले में 25 मई के दिन ज्यादा से ज्यादा मतदान कर वीरभूमि का सम्मान बढ़ाएं। उन्होंने रेवाड़ी शहर के केएलपी कॉलेज ऑडिटोरियम सहित गांव खंडौड़ा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंचकर युवा शक्ति व आमजन



को मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की जिला नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अनुपमा अंजलि की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में एसडीएम रेवाड़ी विकास यादव ने स्वागत अध्यक्ष की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में देसी रॉकस्टार के चर्चित गानों के अलावा, सेल्फी प्वाइंट, काव्य पाठ तथा मतदाता जागरूकता प्रश्नोत्तरी आकर्षण के केंद्र रहे। अपने चर्चित गाने 'देसी देसी ना बोल्या कर छोरी रै..' के माध्यम से इस मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत करने वाले युवा गायक एमडी ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा मतदान के माध्यम से लोकतंत्र के पर्व को मनाने के लिए सभी संकल्प लें। इस अवसर पर उन्होंने 'लोकतंत्र का पर्व मनाओ' नामक अपना नया गीत सुनाकर मतदाताओं को सार्थक संदेश दिया। कार्यक्रम में युवाओं के बीच मुख्य मंच तथा सेल्फी पॉइंट पर उन्होंने पहली बार वोटर बने युवाओं से इस जागरूकता अभियान का हिस्सा बनने के लिए विशेष अपील की। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की जिला नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अनुपमा अंजलि ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला तथा युवाओं के अलावा सामाजिक संगठन से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ताओं से अपील की कि जिले में 25 मई को ज्यादा से ज्यादा मतदान करवाने के लिए जागरूकता अभियान को घर-घर तक पहुंचाने के नैतिक दायित्व का निर्वहन करें।

## एक नजर

### एस.डी.स्कूल के 76 विद्यार्थियों ने बारहवीं में हासिल की मैरिट



**अटल हिंद संवाददाता/नरवाना, 1 मई।** सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नरवाना का 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय के कुल 109 छात्रों ने परीक्षा दी थी जिसमें से 76 विद्यार्थियों ने मैरिट हासिल की और 30 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। प्रिंसीपल रामफल चहल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विज्ञान संकाय में वीरेंद्र प्रथम, हरप्रीत कौर द्वितीय व प्रीति तृतीय स्थान पर रही। वाणिज्य संकाय में मुस्कान प्रथम, स्नेहा द्वितीय तथा वंशराज तृतीय स्थान पर रहे। कला संकाय में अंश प्रथम, हिमांशु द्वितीय एवं कमल तृतीय स्थान पर रहे। अंश पुत्र राकेश कुमार ने कला संकाय में 500 में से 481 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर पूरे विद्यालय में खुशी का माहौल रहा। प्रधानाचार्य रामफल चहल ने बच्चों, अध्यापकों और अभिभावकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। इस उपलब्धि पर प्रशासक जिला नगर आयुक्त जींद वीरेंद्र सहरावत, सलाहकार समिति के सदस्य सुदेश चोपड़ा, भारतभूषण गर्ग तथा भगवान दास ने बच्चों को बधाई दी।

### गुरु नानक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत व शानदार




**अटल हिंद संवाददाता/कुरुक्षेत्र 01 मई।** गुरु नानक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का वार्षिक परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के 66 विद्यार्थियों ने बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा दी जिनमें से 24 विद्यार्थियों ने मैरिट तथा 42 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के छात्र कृष ने 472 अंक लेकर आर्ट्स संकाय में, हरशरण कौर ने 451 अंक लेकर कॉमर्स संकाय में तथा लक्ष्य ने 470 अंक लेकर साइंस संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आज 12वीं कक्षा के मेधावी छात्रों को बुलाकर उनका सम्मान किया गया और अरदास के पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। सभी विद्यार्थियों ने खूब हर्षोल्लास के साथ इस अवसर को मनाया। प्रधानाचार्या चरणजीत कौर ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई- आशीर्वाद दिया साथ ही फूल माला पहनाकर सम्मानित कर मुंह मीठा करवाया। इस अवसर पर जूनियर और सीनियर विंग के भी सभी छात्र उपस्थित रहे और सभी ने बड़े हर्ष के साथ इस अवसर का आनंद लिया।

### मॉर्निंग स्टार कान्वेंट स्कूल में मनाया अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस



**अटल हिंद संवाददाता/कुरुक्षेत्र 01 मई।** आज मॉर्निंग स्टार कान्वेंट स्कूल कैलाश नगर कुरूक्षेत्र में अंतर्राष्टीय श्रम दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के कार्य करके अपनी कला का प्रदर्शन किया। नर्सरी तथा केजी कक्षा के विद्यार्थी चाय वाला, सब्जी विक्रेता, नाई, मजदूर आदि के रूप में नजर आए इइस अवसर पर विद्यालय की संचालिका किरण गेरा ने श्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता। केवल हमारी सोच ही उस कार्य को छोटा या बड़ा बनाती है। अतः हमें श्रम के महत्व को समझना चाहिए तथा सभी कार्यो को एक जैसा सम्मान देना चाहिए ।इस अवसर पर रॉयल आर्यन शिक्षा निकेतन के विद्यार्थियों ने एक सूक्ष्म नाटिका प्रस्तुत की तथा यह संदेश दिया कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे हम सफलता की ऊंचाइयों तक जा सकते हैं। इस अवसर पर राकेश गेरा, ममता शर्मा, अनीता राणा ,आरती काजल, अन्नू गुप्ता, अलका शर्मा, मीना शर्मा, श्वेता, सीमा पायल सोनिया मनीषा,नीलू आदि उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता सेनानी आरडी सोमाणी की जयंती पर हुई खेल प्रतियोगिताएं

अटल हिंद/मनोज गोयल

रेवाड़ी, 1 मई। रेवाड़ी के गढ़ी बोलनी रोड़ स्थित सोमाणी कालेज में स्वतंत्रता सेनानी आरडी सोमाणी की जयंती की पूर्व संध्या पर टेक फेस्ट कार्यक्रम समर्पण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बैडमिंटन, वॉलीबॉल, दौड़ आदि खेल प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर इंजीनियर उमेश सरोज ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर गवर्नमेंट पॉलिटेक्निकल झज्जर शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर के की गई। कार्यक्रम में प्रथम विजेता को गोल्ड मेडल व 1100 रुपए की नगद पुरस्कार राशि व द्वितीय विजेता को सिल्वर मेडल व नगद प्रोत्साहन राशि तथा तृतीय विजेता खिलाड़ी को ब्राउन मेडल में नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आए हुए मेहमानों को




पटका पहनाकर व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। विभिन्न स्पर्धाओ के विजेता इस प्रकार रहे, 100 मीटर दौड़ लड़कियों की जिसमें प्रथम रितिका, सेकंड मानसी, थर्ड मोना रही। 200 मीटर दौड़ लड़कों में प्रथम रोहित, सेकंड शशिकांत, 400 मीटर दौड़ में प्रथम नितिन, द्वितीय राजू, तृतीय प्रवीण, 800 मीटर दौड़ में पंकज, सेकंड रुपेस, थर्ड ललित, बैडमिंटन में प्रथम अमन, विपिन सेकंड निकुंज कार्तिक, वॉलीबॉल फाइनल में कप्तानआदित्य, रविंद्र रहे। खेलों का कुशल संचालन कोच जयपाल वॉलीबॉल, यतेंद्र एथलेटिक्स, हैप्पी राव बैडमिंटन ने किया। इस अवसर पर संस्था के फाउंडर प्रेसिडेंट जननेता विजय सोमाणी ने कहा कि इस संस्था की नींव सन 1999 में रखी गई थी इस संस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों के अच्छे संस्कार का विकास करना ताकि समाज और देश का भला होगा। इस संस्था में 19 राज्यों के बच्चे शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते थे। यहां के उत्तीर्ण विद्यार्थी आज देश की पार्लियामेंट राष्ट्रपति भवन में विभिन्न संस्थाओं में सेवा दे रहे हैं।

# कांग्रेस को गुरुग्राम सीट से नही मिला हरियाणा का प्रत्याशी : राव इंद्रजीत

अटल हिंद/मनोज गोयल

रेवाड़ी, 1 मई। कांग्रेस को गुरुग्राम लोकसभा सीट से हरियाणा से प्रत्याशी भी नहीं मिला, यह हालात कांग्रेस के हो गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रत्याशी का गुरुग्राम सीट पर स्वागत है लड़ने का अधिकार किसी को भी है । गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह बुधवार को बावल क्षेत्र के दर्जन भर से अधिक गांवों में आयोजित चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने युवाओं से देश के सुनहेरे भविष्य के लिए केंद्र में भाजपा की सरकार का तीसरी बार बनाने में वोट की आहूति डालने का आह्वान किया। बाबा विधानसभा के गांवों में राव का जोरदार स्वागत किया गया। गांव रालियावास में करीब दो दर्जन तथा गांव कसौला में एक दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों ने पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत करते हुए



उन्हें गत चुनाव की तुलना में इस बार अधिक मतों के अंतर से जिताकर भेजने का भरोसा दिलाया। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि वह देश की बड़ी पंचायत में बैठते हैं। राष्ट्रीय विकास की योजनाएं इसी पंचायत अर्थात संसद से चलती है। हालांकि उन्होंने ग्रामीण स्तर पर भी काम कराएं हैं, जिनसे सभी वाकिफ है, लेकिन उनका विशेष काम केंद्र की ऐसी बड़ी योजनाएं लेकर आना होता है, जिसे पूरे क्षेत्र का समग्र विकास कहा जा सकता है। राव ने कहा कि उन्होंने इस क्षेत्र के लोगों के हितों की हमेशा हिमायत लेते हुए उसे जोरदार ढंग से सरकार के न केवल सामने रखा है, बल्कि उन्हें पक्ष में कराने का प्रयास किया है। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र की जनता द्वारा हर चुनाव में उन्हें मिल रहे सहयोग को देखते हुए सरकार ने भी उनकी पैरवी को सही मानते हुए उनका साथ दिया है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण माजरा में बनने जा रहा एम्स है। एम्स के बनने के बाद न केवल लोगों को स्वास्थ्य की दृष्टि से लाभ मिलेगा, बल्कि लोगों को रोजगार के भी अवसर मिलेंगे।

## भारतीय लोक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे रेवाड़ी



अटल हिंद/मनोज गोयल

रेवाड़ी, 1 मई। अरुण जेटली वित्तीय प्रबंधन संस्थान में प्रशिक्षु भारतीय लोक सेवा अधिकारियों का एक दल बुधवार से रेवाड़ी जिले के 3 दिवसीय दौरे पर पहुंचा। इस दल में यशोवर्धन आर्या, भीवा यादव, देवांशु गुप्ता, सुरेंद्र पाल, विशाल कुमार एवं मनोज साहू शामिल रहे। जिला प्रशासन की ओर से इस दल की अगवानी नायब तहसीलदार धारूहेड़ा करण कुमार ने की। दौरे के दौरान यह दल सबसे पहले जिला के गांव बिठवाना स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंचा। उन्होंने वहां शिक्षकों से जानकारी ली। प्रशिक्षुओं के सवाल के जवाब में शिक्षकों ने बताया कि विद्यालय का इस वर्ष का 12वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा है और हाल ही में पुस्तकालय, बास्केट बॉल कोर्ट एवं रूफटॉप सोलर का नवनिर्माण हुआ है।

# प्रॉपर्टी धारकों को बताएं सेल्फ सर्टिफिकेशन के फायदे- आयुक्त

अटल हिंद/ मनोज गोयल

मानेसर, 1 मई। नगर निगम मानेसर के आयुक्त अशोक कुमार गर्ग ने बुधवार को क्षेत्रीय कराधान अधिकारी व टैक्स ब्रांच के कर्मचारियों को सेल्फ सर्टिफिकेशन के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। यह एक महत्वपूर्ण कार्य है। अधिकारी और कर्मचारी इस काम को प्राथमिकता से करें।

टैक्स ब्रांच के अधिकारियों और कर्मचारियों को आदेश देते हुए आयुक्त ने कहा कि मानेसर नगर निगम क्षेत्र के अधीन आने वाली सभी प्रकार की प्रॉपर्टी (रिहायशी, व्यवसायिक, औद्योगिक) को सेल्फ सर्टिफाई करवाएं। सेल्फ सर्टिफिकेशन के काम के लिए नगर निगम की टैक्स ब्रांच व जरूरत पड़ने पर निगम की अन्य ब्रांच के कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय कराधान अधिकारी कर्मचारियों को इस बारे



में ट्रेनिंग दें और यह सुनिश्चित करें कि सभी सोसाइटियों में हर सप्ताह कर्मचारियों को भेजकर लोगों को इस बारे जागरूक करें। सेल्फ सर्टिफिकेशन के काम के लिए सोसाइटियों में आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाए। प्रॉपर्टी धारकों को सेल्फ सर्टिफिकेशन के फायदे समझाए जाए ताकि लोगों में रूचि पैदा हो।

अतिरिक्त आयुक्त जितेंद्र कुमार ने कहा कि सोसाइटियों में लोगों को इस काम के प्रति जागरूक करने के लिए आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों का सहारा लें। सोसाइटियों में मुनादी करवाएं ताकि हाईराइज बिल्डिंग में रहने वाले लोगों तक इसकी सूचना पहुंचे। सेल्फ सर्टिफिकेशन की पूरी प्रक्रिया समझाने के लिए मुख्यालय की ओर से दी गई वीडियो को प्रॉपर्टी डाटा में पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर व्हाट्सएप के माध्यम से भेजे ताकि प्रॉपर्टी धारक वीडियो को देखकर उसमें दी गई जानकारी का अनुसरण कर सके।

*सेल्फ सर्टिफिकेशन से होने वाले फायदे-*

आयुक्त अशोक कुमार गर्ग ने नगर निगम क्षेत्रवासियों से प्रॉपर्टी सेल्फ सर्टिफिकेशन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी सेल्फ सर्टिफिकेशन करने से सबसे बड़ा फायदा तो यह होगा कि प्रॉपर्टी के ब्यौरा को मालिक के अलावा अन्य कोई व्यक्ति नहीं देख सकेगा। रेवेन्यू डाटा के अनुरूप ही प्रॉपर्टी डाटा को एकत्रित किया जा रहा है। मोबाइल नंबर से लिंक होने पर प्रॉपर्टी का डाटा पूरी तरह से सुरक्षित रहेगा। साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जाने वाली जनहितकारी नीतियों के बारे में मोबाइल पर जानकारी मिलती रहेगी। इन सोसाइटियों में गुरुवार और शुक्रवार लगेंगे कैंप-

नगर निगम मानेसर के क्षेत्रीय कराधान अधिकारी देवेंद्र कुमार ने बैठक में बताया कि दो अगले दो दिनों में सेल्फ सर्टिफिकेशन कैंप लगाने के लिए निगम क्षेत्र की विभिन्न सोसायटियों को चिन्हित

## रा क व मा वि पटौदी की 50 छात्राओं ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया

### योगिता सहगल व कुन्ना ने 457 अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया

अटल हिंद/फतह सिंह उजाला

पटौदी 1 मई । कपूरी देवी राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पटौदी की छात्राओं ने परचम लहराते हुए साबित किया है कि सरकारी स्कूल में भी शिक्षा का स्तर बेहतर है। विद्यालय की 50 छात्राओं ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया है। कपूरी देवी राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पटौदी का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। विद्यालय की 123 में से 122 छात्राओ ने सफलता प्राप्त की। विद्यालय की 50 छात्राओं ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया वह चार छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

#### साइंस, कॉमर्स आर्ट तीनों फैकल्टी उपलब्ध

प्रधानाचार्य अभय सिंह ने बताया कि हमारे विद्यालय में छात्राओं के लिए बहुत ही




अनुकूल वातावरण है। साइंस, कॉमर्स आर्ट तीनों फैकल्टी विद्यालय में है। सभी विषयों का अध्ययन श्रेष्ठ प्राध्यापकों द्वारा कराया जाता है। विद्यालय में अनुशासन का विशेष रूप से ध्यान रखा जाता है एवं छात्राओ की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाते हैं।

अनुशासन एवं कड़ी मेहनत की बदौलत ही विद्यालय का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा है। प्रधानाचार्य ने बताया कि योगिता सहगल व कुन्ना ने 457 अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया एवं द्वितीय स्थान पर आरती ने 455 अंक प्राप्त किए। तृतीय स्थान पर कंचन यादव रही जिन्होंने 449 अंक प्राप्त किए।

#### लड़कियों की शिक्षा को बेहतर विद्यालय

विद्यालय की टॉपर छात्र योगिता सहगल व कुन्ना ने कहा की कपूरी देवी विद्यालय लड़कियों की शिक्षा के लिए एक बेहतर विद्यालय है यहां अनुशासन और कड़ी मेहनत के द्वारा छात्रों को शिक्षा प्राप्त कराई जाती है व सभी अध्यापक प्राध्यापक कठिन परिश्रम करते हैं। उन्होंने कहा हम अपने परीक्षा परिणाम का श्रेय समस्त स्टाफ व प्रधानाचार्य को देते हैं जिन्होंने विद्यालय के माहौल को खुशनुमा बनाया और हमें समय पर मोटिवेट करने का काम किया।

# ऐतिहातन स्कूल को बॉम्ब डिस्पोजल व अन्य पुलिस टीमों ने चेक किया

अटल हिंद संवाददाता

गुरुग्राम 1 मई। दिल्ली व नोएडा (उत्तर-प्रदेश) पुलिस को दिल्ली व नोएडा के स्कूलों में बम होने की सूचना ईमेल के माध्यम से प्राप्त हुई है। ऐतिहात के तौर पर गुरुग्राम के कुछ स्कूल को बॉम्ब डिस्पोजल टीम तथा अन्य पुलिस टीमों द्वारा चेक किया गया है। अभी तक कोई भी संदिग्ध वस्तु कही से भी बरामद नहीं हुई हैं। गुरुग्राम पुलिस आम जन से अपील करती है की सुरक्षा को लेकर बिल्कुल भी पेनिक/चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। दिल्ली तथा गुरुग्राम पुलिस प्राप्त हुई ईमेल के स्त्रोत की तलाश कर रही है।

गुरुग्राम पुलिस आपको विश्वास दिलाती है कि गुरुग्राम पुलिस किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने व काबू पाने में सक्षम है और अपने सभी सुरक्षा संसाधनों सहित आपकी सेवा व



सुरक्षा में सदैव (24ङ्क7) तत्पर/तैनात है। गुरुग्राम पुलिस का सभी से यह भी अनुरोध है कि दिल्ली व नोएडा के स्कूलों में बम होने की सूचना को आधार बनाकर यदि कोई भ्रामक व झूठी सूचना देता है या सोशल मीडिया पर या किसी अन्य माध्यम से कोई ऐसी जानकारी/पोस्ट करता है जिससे कानून/शान्ति व्यवस्था प्रभावित होती है तो गुरुग्राम पुलिस द्वारा उसके खिलाफ तत्परता से कानूनी कार्यवाही की जाएगी। गुरुग्राम पुलिस की सोशल मीडिया पर पैनी नजर है। अतः किसी भी प्रकार से कोई भी गलत, भ्रामक व निराधार पोस्ट/सूचना ना फैलाए।

यदि किसी भी जन के पास उपरोक्त सम्बंध में, कोई संदिग्ध सूचना/जानकरी हो तो तुरंत सहायक पुलिस आयुक्त अपराध गुरुग्राम के मोबाईल नम्बर 9999981812, डॉयल-112 पर कॉल करके या अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन व अन्य किसी भी सरल/उचित माध्यम से गुरुग्राम पुलिस को सूचित करें।

# संपादकीय

## कोविशील्ड वैक्सीन और मोदी की विश्वसनीयता

ब्रिटेन की कंपनी एस्ट्राजेनिका ने ब्रिटेन की हाईकोर्ट में स्वीकार किया है कि उसकी कोरोना वैक्सीन से हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक का खतरा है। रक्त के थक्के जम जाने का भी साइड इफेक्ट हो सकता है। ब्रिटेन की कंपनी एस्ट्राजेनिका के फार्मूले से ही भारत में सीरम इंस्टीट्यूट द्वारा कोविशील्ड वैक्सीन को तैयार किया गया था। ब्रिटेन की कंपनी ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर इसे तैयार किया था। ब्रिटेन की दवा कंपनी द्वारा हाईकोर्ट में स्वीकार किया गया है कि वैक्सीन लगने के बाद इसके साइड इफेक्ट भी हैं। ब्रिटेन की कंपनी यह बताने से हमेशा बचती रही है। 2023 में इस कंपनी के खिलाफ वैक्सीन लगाने के बाद हुए साइड इफेक्ट से हर्जाने की मांग का मुकदमा ब्रिटेन की अदालत में चल रहा था। अब जाकर कंपनी ने स्वीकार किया है, ??जिन्हें वैक्सीन लगाई गई थी, उन्हें गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ा है। मरीजों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। ब्रिटेन की कंपनी ने यह भी स्वीकार किया है कि क्लिनिकल ट्रायल और अलग-अलग देशों के डेटा से यह साबित भी होता है कि जिन लोगों को वैक्सीन लगी है, उनके ऊपर अलग-अलग प्रभाव देखने को मिले हैं। इसके बाद भी कंपनी ने दावा किया, कि उसकी वैक्सीन सुरक्षा से जुड़े हुए मामलों को पूरा करती है।

भारत में इस वैक्सीन के ब्रांड एंबेसडर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने थे। भारत सरकार ने कहा था इस वैक्सीन की जांच इंडियन कौंसिल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च द्वारा की जा चुकी है। इसे अदार पूनेवाला ने सीरम इंस्टीट्यूट की खोज बताया था। यह दावा अब गलत साबित हुआ है। भारत सरकार ने कोविशील्ड वैक्सीन को सुरक्षित मानते हुए इसे सभी के ?लिये अनिवार्य किया था। भारत में लगभग 175 करोड़ वैक्सीन के डोज महिला पुरुष और बच्चों को लगाए गए हैं। इस वैक्सीन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चित्र छापकर इसे विश्वसनीय बनाया गया था। निशुल्क वैक्सीन सरकारी खर्चे पर नागरिकों को लगाई गई थी। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आमजनों के बीच लोकप्रियता और विश्वसनीयता का लाभ कंपनी को मिला। पिछले वर्षों में जिस तरह से साइलेंट हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक के मामले भारत में बड़ी तेजी के साथ बढे हैं। कोरोना के दूसरे फेस में लाखों लोगों की मौत हुई थी। उनमें किसी के पोस्टमार्टम नहीं कराए गए। अस्पतालों में जो कोरोना के मरीज भर्ती होते थे, उन्हें कोरोना के मरीज मानकर तथा जिन मरीजों की मौत अन्य बीमारियों के कारण चिकित्सा के दौरान हुई थी। उनको साधारण मौत मानकर उनका भी शव परीक्षण नहीं कराया गया, जिसके कारण यह कहना मुश्किल है कि वैक्सीन के साइड इफेक्ट के कारण मौत हुई है। भारत में साइलेंट हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक और रक्त संबंधी बीमारियों के कारण उन लोगों की मौत हुई है। भारत में दूसरे चरण का मतदान हो चुका है। पांच चरण का मतदान होना है। इसी बीच ब्रिटेन हाईकोर्ट में कोविशील्ड बनाने वाली कंपनी ने साइड इफेक्ट की जो बात स्वीकार की है, उसको लेकर अब भारत में भी भय का वातावरण देखने को मिल रहा है। अकेले दिल्ली में 30000 लोगों की मौत हार्ट अटैक के कारण हुई है। विभिन्न राज्यों में बहुत कम उम्र के लोग नाचते-गाते, व्यायाम करते, अथवा बैठे-बैठे ही साइलेंट हार्ट अटैक से मौत हो जाने के मामले रोजाना देखने और सुनने को मिलते हैं। भारत सरकार ने अभी तक इस तरह के मामलों में कोई जांच नहीं कराई है। एम्स जैसे संस्थान ने कोरोना के कुछ मरीजों की मौत के बाद शव का परीक्षण किया गया था। उसकी रिपोर्ट भी अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है। हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक से कम उम्र के लोगों की जो मौत हो रही है उसके बारे में भी अभी तक कोई जांच शुरु नहीं की गई है। भारतीय नागरिक जिन्हें अनिवार्य रूप से वैक्सीन लगवाई गई थी, उन सबमें भय का वातावरण बन गया है। वैक्सीन बनाने वाली कंपनी और अन्य दवा कंपनियों ने जिस तरह से राजनीतिक दलों को चंदा दिया है। उसके बाद यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि सरकार ने इस मामले में लापरवाही बरती है। कोरोना काल में ही सबसे ज्यादा चंदा दवा कंपनियों द्वारा राजनीतिक दलों को दिया जाना तथा अमानक दवाइयों के निर्माण और बिक्री पर रोक नहीं लगाए जाने से आम आदमियों को जान और माल का नुकसान हुआ है। इसका असर राजनीतिक दलों और राजनेताओं की साख पर भी पड़ेता हुआ दिख रहा है।

## महाराष्ट्र दिवस के गौरवशाली पहलू

**संजय गोस्वामी**

हर साल 1 मई को महाराष्ट्र दिवस मनाया जाता है। यह महाराष्ट्र के गठन का स्मरणोत्सव है। 1 मई 1960 के दिन मराठी लोगों के लिए एक अलग राज्य की मांग को स्वीकार करते हुए भारत सरकार ने महाराष्ट्र राज्य का गठन किया। इस प्रकार से महाराष्ट्र भारतीय गणराज्य का 16वां राज्य बना। इस दिन पूरे महाराष्ट्र में प्राइवेट और सरकारी स्कूलों, कॉलेजों एवं दफ्तरों में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। पूरे राज्य में ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, परेड एवं अन्य उत्सव संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। यह दिवस 1960 में महाराष्ट्र राज्य के गठन का स्मरण दिवस है। यह महाराष्ट्र के लोगों के द्वारा उनके राज्य को लेकर चलाएगा गए उनके लंबे संघर्षों के सुखद परिणाम का उत्सव है। महाराष्ट्र भारत के पश्चिमी तट पर स्थित एक सुन्दर राज्य है। क्षेत्रफल के हिसाब से यह भारत का तीसरा सबसे बड़ा राज्य है। जनसंख्या के नज़रिये से यह भारत का दूसरा सबसे बड़ा राज्य है। महाराष्ट्र का इतिहास समृद्ध और विविधतापूर्ण रहा है। यहाँ कई शक्तिशाली साम्राज्यों का उदय और पतन हो चुका है।


## वैधानिक सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि इस समाचार पत्र में मुद्रित होने वाले किसी भी विज्ञापन पर आपत्ति करने वह कानूनी कार्रवाई करने से पहले विज्ञापन में दी गई शर्तों व नियमों दावों और सेवा के बारे में पूरी तरह से जानकारी हासिल कर जांच पड़ताल कर लें यह दैनिक अटल हिंद समाचार पत्र किसी भी उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विषय में विज्ञापनदाता द्वारा दिए गए दावों का उल्लेख करता है मैं ही पुष्टि करता है ना ही उसके पक्ष में है किसी भी विज्ञापन के संबंध में विज्ञापनदाता उत्तरदायी होगा ना कि दैनिक अटल हिंद समाचार पत्र पूर्व में विज्ञापन के संबंध में दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क कर अपना समाधान समय करें समाचार प्रबंधन की सीधी बात के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। **विज्ञापन प्रबंधक**



**अटल हिंद**

मुद्रक तथा प्रकाशक स्वामी राजकुमार अग्रवाल द्वारा वत्स ऑफसेट, मुद्दा हाउस, सी - ब्लाक बारात घर कोडा, रघुनाथपुर, -32, नोएडा (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर 28, ई ब्लाक, विष्णु मार्केट, अपोजिट ओल्ड बस स्टैंड, कैथल (हरियाणा) से प्रकाशित कराया। संपादक - राजकुमार अग्रवाल, पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। (समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कैथल, हरियाणा होगा।) मोबाइल नं0 - 09416111503, 09802153000

ई मेंल- atalhind@gmail.com/ atalhindnews@gmail.com


# मोदी का रिपोर्ट कार्ड कहां है?

**नोट बंदी ,कोरोना में 47 लाख लोगों की मौत,लॉकडाउन की घोषणा कर आवाजाही के सभी साधनों को क्रूरतापूर्वक बंद करना चुनाव मंत्री – माफ की जिएगा, प्रधानमंत्री सच्चाई से वाबस्ता करना पसंद नहीं करते. उन्हें बॉलीवुड की कल्पनाएं, भ्रम के बुलबुले और साफ-सुथरे माहौल में सज धज कर फोटो खिंचवाना पसंद है.**

**सागरिका घोष**

2024 के लोकसभा चुनावों में मतदाता उत्साहित नहीं हैं, या जैसा कि उत्तर भारत में कहा जाता है ङ्क ÷ठंडे÷ हैं. हालांकि, मौसम बहुत गर्म है और चुनाव का मौसम बहुत लंबा है. मुख्यधारा का मीडिया एक कृत्रिम आर्केस्ट्रा दिखा रहा है, लेकिन शहरों और गांवों में मूड थकान और उदासीनता वाला है.

कोई हैरानी नहीं कि चुनाव मंत्री ङ्क माफ कीजिएगा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फैसला किया है कि एक उदासीन मतदाता को प्रेरित करने का एकमात्र तरीका ङ्क जो अब ÷अबकी बार 400 पार÷ या ÷घर घर मोदी÷ का नारा नहीं लगा रहा है ङ्क सामूहिक ध्यान भटकाने के हथियारों का इस्तेमाल कर रहा है.

वे कड़े लहजे में डर की राजनीति कर रहे हैं. एक दिन वे घोषणा करते हैं कि कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग जैसा है. अगले दिन वे भविष्यवक्ता की भूमिका निभाते हैं और घोषणा करते हैं कि कांग्रेस महिलाओं के मंगलसूत्र छीन लेगी और तीसरे दिन, वे चेतावनी देते हैं कि कांग्रेस सभी की संपत्ति मुसलमानों में बांट देगी.

फिर भी, 10 साल से सत्ता में रही सरकार अपने रिकॉर्ड पर मौन साधे हुए है. पिछले दो कार्यकाल में उसने क्या किया है, इस बारे में बात करने से वह साफ इनकार करती है.

आमतौर पर, इतने लंबे समय तक सत्ता में रहने के बाद, लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री के रूप में मोदी के प्रदर्शन और उनकी सरकार की सफलताओं और असफलताओं पर जनमत संग्रह होना चाहिए, लेकिन अब तक, चुनाव मंत्री ङ्क माफ कीजिएगा, प्रधानमंत्री केवल पिछली कांग्रेस सरकारों की विफलताओं का ही बखान कर रहे हैं. मोदी हमें अपनी सरकार की उपलब्धियों या उनकी कमी के बारे में नहीं बताएंगे.तो, शायद ऐसा करना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है.

### ====नोटबंदी, चीन, मौतें====

सबसे पहले, नोटबंदी, मोदी सरकार की प्रमुख घोषणा. 8 नवंबर 2016 को रात 8 बजे, मोदी अचानक टीवी स्क्रीन पर आए और घोषणा की कि आधी रात से 500 और 1,000 रुपये के सभी नोट अवैध हो जाएंगे. चार घंटे में प्रचलन में मौजूद 86 प्रतिशत मुद्रा बेकार हो गई. इसका उद्देश्य काले धन से लड़ना था, लेकिन अराजकता, निराशा और त्रासदियां शुरू हो गईं.

बैंकों के बाहर लंबी कतारें लग गईं. कई छोटे उद्यमों को बंद करना पड़ा क्योंकि उनके पास अपने मजदूरों को देने के लिए पैसे नहीं थे. अर्थशास्त्री अरुण कुमार के अनुसार, इस (2016) साल की वृद्धि दर में एक प्रतिशत की कमी आई.

और अंदाजा लगाइए क्या? अवैध धन फिर से बाज़ार में आ गया है. आयकर विभाग नोट बरामद करने के लिए लगातार छापेमारी कर रहा है. 2023 में आयकर विभाग ने कहा कि उसने नई दिल्ली और हरियाणा में व्यापारिक समूहों पर छापे मारकर 150 करोड़ रुपये नकद बरामद किए हैं. तमिलनाडु में चिट फंड और रेशमी साड़ी व्यापारियों पर छापे में 250 करोड़ रुपये नकद मिले. मोटे तौर पर, नोटबंदी असफल रही.

लाखों लोगों को बिना किसी कारण के अपनी नौकरियां गंवानी पड़ीं. अगर नोटबंदी मोदी सरकार की शानदार उपलब्धियों में से एक है, तो वह 8 नवंबर को 'नोटबंदी' दिवस क्यों नहीं मनाती? इसके बजाय, मोदी 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस ज़रूर मनाते हैं.

कोविड-19 के दौरान मोदी सरकार नींद में थी. हमारे पास अभी भी सटीक संख्या नहीं है कि कितने लोगों की जान गई. विश्व स्वास्थ्य संगठन (ड्ढाह्र) का अनुमान है कि भारत में 2020 और 2021 के बीच कोविड के कारण लगभग 47 लाख लोगों की मौत हुई – केंद्र सरकार द्वारा बताए गए आधिकारिक आंकड़ों से लगभग 10 गुना अधिक.

मेडिकल जर्नल द लैंसेट ने कहा कि महामारी के दौरान भारत में मौतों की संख्या कम बताई गई है और यह आधिकारिक आंकड़ों से छह से आठ गुना अधिक है. मोदी सरकार ने ड्ढाह्र की कड़ी निंदा की, लेकिन जनता को यह बताने से इनकार कर दिया कि मृत्यु के आंकड़े असल में कितने हैं और किस पद्धति से मृत्यु दर के आंकड़ों की गणना की गई है.

जैसे ही महामारी फैलनी शुरू हुई, मार्च 2020 में संसद का सत्र आयोजित किया गया. उसी महीने, मध्य प्रदेश में कांग्रेस की कमलनाथ सरकार को गिरा दिया गया. अचानक, 24 मार्च 2020 के दुर्भाग्यपूर्ण दिन, मोदी टीवी पर आए और केवल चार घंटे के नोटिस पर भारत के 130 करोड़ देशवासियों के सामने पूर्ण लॉकडाउन की घोषणा की. आवाजाही के सभी साधनों को क्रूरतापूर्वक बंद किया गया. सैकड़ों-हज़ारों हताश प्रवासी मजदूर दूरदराज अपने घरों की ओर पैदल ही सड़कों पर निकल पड़े. कितने ही लोगों ने रास्ते में दम तोड़ दिया.

मई 2021 में जबकि कोविड-19 से मरने वालों की संख्या और संक्रमण अभी भी बढ़ रहे थे, सरकार ने हरिद्वार में कुंभ मेले की अनुमति दे दी. हिंदी भाषा के अखबार, दैनिक भास्कर ने गंगा के किनारे जलती हुई असंख्य लाशों और नदी में तैरती लाशों की दर्दनाक तस्वीरें प्रकाशित की. 22 जुलाई को अखबार के कई दफ्तरों पर आयकर विभाग ने छापे मारे.

मोदी ने अभी तक जनता के सामने रिपोर्ट कार्ड पेश नहीं किया है कि उनकी सरकार ने नोटबंदी, जल्दबाजी में लगाया गया और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और कोविड-19 और लॉकडाउन के दौरान हुए नुकसान की तिहरी मार से निपटने के लिए क्या किया है.

चीन के साथ सीमा पर गतिरोध के बारे में भारतीय नागरिकों को भी ठीक से जानकारी नहीं दी जा रही है. चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मोदी की 'झूला कूटनीति' स्पष्ट रूप से बुरी तरह से गलत साबित हुई है. 2014 में मोदी ने साबरमती तट पर गुजराती शैली के झूले पर शी के साथ पोज़ दिया था.

2023 तक, चीन ने भारतीय क्षेत्र के 2,000 वर्ग किलोमीटर पर कब्जा कर लिया. अब तक भारतीय और चीन के सैन्य अधिकारियों के बीच 21 दौर की बातचीत हो चुकी है.

15 जून 2020 को भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच गलवान घाटी में हुई झड़पों के बाद, जिसमें 20 भारतीय जवान मारे गए थे, मोदी ने कहा‿ न कोई हमारी सीमा में घुस आया है, न ही कोई घुसा हुआ है, न ही हमारी कोई पोस्ट किसी दूसरे के कब्जे में है.

लेकिन अगर भारत और चीन के बीच कोई क्षेत्रीय विवाद नहीं है, तो फिर इतने दौर की बातचीत क्यों हो रही है? चीन के साथ क्या गलत हुआ? मोदी हमें नहीं बताएंगे. वास्तव में, मोदी ने उस देश का नाम लेने की हिमाकत तक नहीं की.

मोदी ने हमें यह भी नहीं बताया कि पाकिस्तान के साथ भारत के रिश्ते अचानक इतने खराब क्यों हो गए. दिसंबर 2015 में प्रधानमंत्री अचानक पाकिस्तान पहुंच गए. इसके बाद उन्होंने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ को गले लगाया और हाथ में हाथ डालकर चले. मोदी ने लाहौर में शरीफ के आलीशान घर का दौरा भी किया. अगर पाकिस्तान ने भारत को सीमा पार आतंकी हमलों पर ठोस आश्वासन नहीं दिया था, तो मोदी शरीफ की पोती की शादी में क्यों शामिल हुए? एक साल बाद 2016 में आतंकवादियों ने उरी हमला किया और भारत ने फिर से पाकिस्तान को आतंकवादी देश कहना शुरू कर दिया.

### नया सपना बुनना

मोदी ने हाल ही में दावा किया कि केंद्र द्वारा समय पर हस्तक्षेप ने मणिपुर को बचा लिया. सच में? मणिपुर में एक साल से गृह युद्ध चल रहा है. जातीय हिंसा में 200 से ज़्यादा लोग मारे गए हैं और 70,000 से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं. प्रधानमंत्री ने एक बार भी राहत शिविरों का दौरा क्यों नहीं किया? मणिपुर पर संसदीय बहस की अनुमति देने के लिए विपक्ष को केंद्र पर अविश्वास प्रस्ताव लाने की धमकी क्यों देनी पड़ी? मणिपुर में महिलाओं को नग्न करके घुमाए जाने के भयावह वीडियो के बाद केंद्र ने अपनी चुप्पी क्यों तोड़ी? यह कहना कि केंद्र ने मणिपुर को बचाया है, सरासर झूठ है.

मोदी सरकार ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था, लेकिन 2020-2021 के बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन दिखाते हैं कि ऐसा नहीं हुआ है. सरकार ने 2015 में स्मार्ट सिटी मिशन शुरू किया था और दिसंबर 2023 तक सिर्फ मदुरै परियोजना पूरी हो पाई. गोवा के पणजी में जो एक प्रस्तावित स्मार्ट सिटी है, आपको सिर्फ खोदी हुई सड़कें और क्रेन ही दिखाई देती हैं. केंद्र सरकार 22,814 करोड़ रुपये की 400 परियोजनाओं के लिए 2023 की समय सीमा को पूरा करने में विफल रही है.

आज भारत मानव विकास सूचकांक में 134 वें स्थान पर है और वैश्विक भूख सूचकांक में 111 वें स्थान पर है. भारत में मात्र 10 प्रतिशत लोगों के पास देश की 70 प्रतिशत संपत्ति है. द वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब द्वारा हाल ही में किए गए अध्ययन, जिसका शीर्षक है Income and Wealth Inequality in India: The Rise of the Billionaire Raj के अनुसार, भारत में वर्तमान आय असमानता ब्रिटिश राज के दौरान की तुलना में अधिक खराब है.

देश में 25 वर्ष से कम आयु के लगभग 42 प्रतिशत ग्रेजुएट बेरोजगार हैं. अमेरिका में अवैध प्रवासियों का तीसरा सबसे बड़ा समूह भारतीय हैं. आठवीं कक्षा के बच्चों को स्कूलों में दूसरी कक्षा की किताबें पढ़ने में मुश्किल होती है. 30 प्रतिशत से अधिक बच्चे अभी भी कुपोषण के कारण बौनापन से पीड़ित हैं.

इसके अलावा, केंद्र सरकार ने 100 लाख करोड़ रुपये का चौंकाने वाला कर्ज़ जमा कर लिया है, जो पिछली 14 सरकारों के कुल कर्ज से दो गुना ज्यादा है. मोदी सरकार भारत को कर्ज के जाल में धकेल रही है.

मोदी जनता को इनमें से किसी भी चीज़ के बारे में नहीं बताएंगे. इसके बजाय, वे एक नया सपना बुनते रहेंगे. 2014 में अच्छे दिन आने थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ. 2019 में नया भारत आने वाला था, लेकिन वो भी नहीं हुआ. अब, हमें 2047 की ओर देखने और अमृत काल की उम्मीद करने के लिए कहा जा रहा है. सत्ता विरोधी भावना को दूर करने के लिए मोदी हर चुनावी साल में एक नया सपना दिखाते हैं.

चुनाव मंत्री – माफ कीजिएगा, प्रधानमंत्री सच्चाई से वाबस्ता करना पसंद नहीं करते. उन्हें बॉलीवुड की कल्पनाएं, भ्रम के बुलबुले और साफ-सुथरे माहौल में सज धज कर फोटो खिंचवाना पसंद है. मोदी को काल्पनिक दुनिया में घूमना पसंद है, जिसमें वे स्कूबा डाइविंग करते हैं, गुफाओं में ध्यान लगाते हैं, हाथी की सवारी करते हैं और पानी के अंदर योग करते हैं ङ्क एक मल्टीमीडिया पैंटोमाइम जिसे शांत करने और सम्मोहित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है. यही कारण है कि चुनावों के दौरान, पलायनवादी मोदी को मतदाताओं को विचलित करने के लिए मंगलसूत्र और मुसलमानों और विपक्ष-आपका-पैसा-ले-जाएगा की जरूरत होती है क्योंकि सच्चाई यह है कि मंगलसूत्र नहीं छीने जा रहे हैं, बल्कि नौकरियां, आजीविका और आय छीनी जा रही है.

(लेखिका अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य हैं. उनका एक्स हैंडल @sagarikaghose है. व्यक्त किए गए विचार निजी हैं.)

# लव जिहाद के बाद अब वोट जिहाद...

**राकेश अचल**

जिहाद वैसे कोई आतंकी शब्द नहीं है लेकिन इसका जन्म चूंकि अरबी भाषा से हुआ है इसलिए सनातनी इसे आतंक का पर्याय मानने लगे हैं। जिहाद का शुब्दिक अर्थ जाने बिना देश में वर्षो से राजनीति हो रही है। पहले लव जिहाद के नाम पर हुई और अब वोट -जिहाद के नाम पर हो रही है । लव जिहाद को लेकर भाजपा आक्रामक थी और वोट जिहाद कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद का जुमला है।

जिहाद का शब्दिक अर्थ होता है नैतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए की जाने वाली ज़द्दोज़हद या संघर्ष, किसी जायज़ माँग के लिए भरपूर कोशिश करना या आंदोलन। जिहाद का अर्थ मेहनत और मशक़्क़त करना भी है किन्तु जिहाद का दुर्भाग्य कि उस जैसे पवित्र शब्द का चरमपंथियों ने गलत अर्थ दुनिया को समझा दिया और अब ये आम जिंदगी से निकालकर सियासत का अभिन्न अंग बनता जा रहा है। इसके लिए जितने चरमपंथी जिम्मेदार हैं उतनी ही भाजपा और कांग्रेस भी जिम्मेदार है । भाजपा ने जिहाद के बाद लव -जिहाद को औजार की तरह इस्तेमाल किया तो मौजूदा आम चुनावों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने मुस्लिम मतदाताओं से सत्ता परिवर्तन के लिए वोट जिहाद करने की अपील कर दी और अब फंस गए। उनके खिलाफ बाकायदा आपराधिक मुकदम्मा दर्ज कर लिया गया है। उत्तर प्रदेश में मुसलमानों को लेकर सरकार अतिरिक्त रूप से संवेदनशील है ,शायद इसीलिए खुर्शीद की भतीजी मारिया आलम के वीडियो वायरल होने के तुरंत बाद फर्रुखाबाद पुलिस ने मारिया आलम और सलमान खुर्शीद के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। दोनों नेताओं पर आईपीसी की धारा 188, 295 (ए) और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया। अब उत्तरप्रदेश की सरकार और पुलिस के ऊपर है की वो खुर्शीद साहब और उनकी भतीजी को गिरफ्तार करती है या नहीं ?

खुर्शीद साहब मुझसे उम्र में छह साल बड़े हैं ,वे मुझे अपनी शराफत,नजाकत और बुद्धिमत्ता की वजह से शुरू से प्रिय रहे हैं। उनका मुसलमान होना एक संयोग है । वे मुसलमान भी न होते तो एक मनुष्य के रूप में उतने ही चर्चित होते जितने की आज हैं। खुर्शीद भाई को पूरा देश जानता है। आज के विदेश मंत्री जयशंकर से ज्यादा जानता है। सलमान खुर्शीद एक भारतीय राजनीतिज्ञ,चर्चित वरिष्ठ अधिवक्ता, प्रख्यात लेखक और कानून शिक्षक हैं। वे विदेश मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री थे। वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से संबंधित हैं वह एक वकील और एक लेखक है [1] जो 2009 की आम चुनाव में फर्रुखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित हुए। इससे पहले खुर्शीद 1991 में फर्रुखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 10 वीं लोकसभा के लिए चुने गए थे। वह जून 1991 में वाणिज्य के केंद्रीय उप मंत्री बने, और बाद में विदेश मामलों के राज्य मंत्री बन गए। खुर्शीद साहब शुरू में नेता नहीं बल्कि 1981 में प्रधान मंत्री कार्यालय में एक विशेष अधिकारी के रूप में पदस्थ थे तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी उन्हें राजनीति में लेकर आयीं। दरअसल जो लोग खुर्शीद को नहीं जानते उन्हें बता दूँ की सलमान खुर्शीद उस व्यक्ति का नाम है जो अपना घर फूंक क्र तमाशा देखने वाला है। एक लेखक है,एक अभिनेता है और बाद में जन नेता है। सलमान से असहमत लोगों ने सलमान खुर्शीद के नैनीताल स्थित आवास को आग तक लगा दी थी लेकिन न सलमान खुर्शीद बदले और न उनके स्वर । वे 1992 में जैसे थे वैसे ही 2024 में भी हैं। सलमान खुर्शीद और उनकी भतीजी को वोट के जरिये व्यवस्था बदलने के लिए जिहाद शब्द का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए था,क्योंकि इस देश में आज भी कूढ़ मगज लोग जिहाद के नाम से भड़क जाते हैं ,जैसे जिहाद कोई संक्रामक रोग हो ! सलमान खुर्शीद की मजबूरी ये रही कि वे जिस इलाके में राजनीति करते हैं उस इलाके में उर्दू मातृभाषा के रूप में प्रचलित है। वे यदि परिवर्तन के लिए जिहाद शब्द का इस्तेमाल न करते तो मुमकिन था कि उनकी बात स्थानीय मतदाता समझ न पाता।

इस देश में मुसीबत ये है कि जो होता है उसे वो माना नहीं जाता । जैसे जो हेट स्पीच है उसे हेट स्पीच नहीं कहा जाता और जो हेट स्पीच नहीं है उसे आनन-फानन में हेट स्पीच मान लिया जाता है। घृणा की भाषा के बारे में जब हमारे नेता नहीं जानते तो हमारी पुलिस उसके बारे में कैसे जान सकती है ? पुलिस तो हुक्म की गुलाम है। उसके हाथ बंधे हैं। भारत में पुलिस के हाथ लम्बे जरूर होते हैं किन्तु उन्हें काम नहीं करने दिया जाता। हमारी पुलिस आज भी अंग्रेजों के जमाने कीपुलिस है। पुलिस तब बदलेगी जब देश का संविधान बदलेगा।

# लोकसभा चुनाव में मुद्दों को नया विमर्श दें

**ललित गर्ग**

लोकसभा चुनावों के प्रचार अभियान में एक आवाज बहुत धीमी पर एक वजन और पीड़ा के साथ सुनने को मिल रही है कि इस चुनाव को येन-केन-प्रकारेण जीतने के सभी जायज एवं नाजायक प्रयोग हो रहे हैं, लेकिन नैतिकता, मूल्य एवं आदर्श की बात कहीं भी सुनाई नहीं दे रही है। देश का राजनीतिक भविष्य तय करने वाले इन चुनावों में एक और विडम्बना देखने को मिल रही है कि राष्ट्र विकास के मुद्दों एवं आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने की कोई चर्चा नहीं है। देश को दिशा देने एवं कोई नया विमर्श खड़ा करने का नेताओं के पास अभाव है, जो अपने-आप में एक त्रासदी है। मतदाताओं की लोकतंत्र के महाकुंभ में भागीदारी का घटना भी एक चिन्ता का सबब है। जबकि किसी भी राष्ट्र के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है।

विभिन्न राजनीतिक दल आरक्षण का मुद्दा खड़ा करके जहां अल्पसंख्यकों को अपनी ओर खींचने की कोशिश करते हुए भाजपा को आरक्षण विरोधी बता रहे हैं और गृहमंत्री अमित शाह के आरक्षण विषयक बयान को तोड़-मेरोड कर झूठे एवं फेक वीडियो के माध्यम से भाजपा के चरित्र को धुंधला रहे हैं, वहीं आम महिलाओं के डर का सहारा लेते हुए उनके मंगल सूत्र और स्त्री धन को छीन लिए जाने की बात कही जा रही है। सैम पित्रोदा के विरासत कर संबंधी बयान से आम जनता के धन को हथियाने की बातें भी हो रही है। लेकिन प्रश्न है कि क्या कांग्रेस पार्टी के सत्ता में आने की संभावना है? सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाती है। चुनाव अभियान तीसरे चरण की ओर अग्रसर हैं। सब राजनैतिक दल अपने-अपने 'घोषणा-पत्र' को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बता रहे हैं, जो सब समस्याएं मिटा देगी तथा सब रोगों की दवा है। एक-दूसरे की नीतियों एवं योजनाओं की आलोचना चुनाव का हिस्सा बनी हुई है और बनना भी चाहिए। लेकिन एक-दूसरे पर भीषण एवं भद्दे आरोप लगाना, लोकतंत्र की मर्यादा का उल्लंघन है। परंतु मौजूदा चुनाव प्रचार में राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक समरसता के ताने-बाने को क्षति पहुंचाने की चेष्टा का होना दुर्भाग्यपूर्ण है। सभी दल भाषणों में नैतिकता की बातें करते हैं और व्यवहार में अनैतिकता को छिपा रहे हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों की ही बात करें तो पिछले सप्ताह तक ही आचार संहिता उल्लंघन की 200 से अधिक शिकायतें आ चुकी है। जिनमें से 169 शिकायतों पर आयोग ने कार्रवाई की है। शिकायतों के आंकड़े बढ़ते ही जा रहे हैं। वास्तव में इन चुनावों में नेताओं ने भाषा एवं भावों को इतना बदरंग, अशालीन एवं भोंथरा कर दिया है कि शर्म-सी महसूस होती है। दागी उम्मीदवारों के दागों का पर्दापाश होना भी इन चुनावों का हिस्सा है। कथित तौर पर प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े वीडियो क्लिप प्रसारित होने से देखा गया है कि महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की घटना हुई है। रेवन्ना के खिलाफ शिकायत कुछ महिलाओं के शोषण तक ही सीमित नहीं है, अब अनेकों शिकायतें सामने आएगी और हर शिकायत को ईमानदारी से परखना होगा। सबसे ज्यादा गंभीर बात तो यह है कि आरोपी जर्मनी भाग गया? अगर रेवन्ना दोषी हैं तो उन्हें कानून का सामना करना चाहिए। अगर वह कानून से भागेंगे तो इससे उनकी पार्टी और एनडीए दोनों को ही नुकसान होगा। रेवन्ना देश के पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पौत्र है और उन पर लगे आरोप बहुत ही गंभीर और शर्मनाक है। सत्ता का किसी भी प्रकार का दुरुपयोग ज्यादा समय तक लाभकारी नहीं होता है। हमारा समाज ऐसे मुकाम पर आ गया है, जहां हम किसी महिला के साथ न ज्यादती की सुन सकते हैं और न किसी को करने दे सकते हैं। बात प्रज्वल रेवन्ना एवं बृजभूषण शरण सिंह तक सीमित नहीं हैं, विशेषतः चुनाव में ऐसे मुद्दों का उठना प्रासंगिक है, जिससे उम्मीदवारों को अपने गिरेबार में झांकने का अवसर मिलता है। राजनीतिक दलों को भी उम्मीदवारों का चयन करते हुए उनके चरित्र की परख गहराई से करनी ही चाहिए। वर्ष 2024 के चुनावों में हम सात में से तीसरे चरण की ओर बढ़ रहे हैं, लेकिन अभी तक भाजपा की चुनावी थीम सामने नहीं आई है, विपक्षी दलों के घोषणा पत्रों या चुनावी बयानों की चीरफाड ही होती हुई दिख रही है।

## एक नजर

### चीन में बारिश से धंसा हाईवे, 19 लोगों की मौत

बीजिंग,(एजेंसी)। चीन के मीझोउ शहर में भारी बारिश से हाईवे का एक हिस्सा ढह जाने से उसमे कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई। बचावकर्मियों ने 30 लोगों को अस्पताल पहुंचाया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस इलाके में पिछले कुछ कई दिनों से भारी बारिश हो रही है। रिपोर्ट में बताया गया है कि चीन के गुआंग्डोंग प्रांत में मीझोउ शहर और डाबू काउंटी के बीच सड़क का एक हिस्सा देर रात करीब 2=10 बजे धंस गया। इस घटना के कारण 18 वाहन फंस गए और 31 लोगों को घटनास्थल से बचाया गया और अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि उन्होंने एक तेज आवाज सुनी और उन्होंने देखा कि सड़क पर कई मीटर चौड़ा एक गड्ढा हो गया। इस हादसे के बाद रास्ते को बंद कर दिया गया है।

### अमेरिका को पन्नू हत्या में भारत सरकार से जवाबदेही की उम्मीद

वाशिंगटन,(एजेंसी)। खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू मामले में अमेरिकी आरोप के बाद दोनों देशों के बीच सवाल-जवाब का दौर जारी है। वाशिंगटन पोस्ट के आरपों को भारत ने खारिज कर दिया इसके बाद अमेरिका ने इसपर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि उसे भारतीय सरकार से जवाबदेही की उम्मीद है।

अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा है कि गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश से संबंधित आरोपों की जांच में संयुक्त राज्य अमेरिका भारत के साथ नियमित रूप से काम कर रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग के वेदांत पटेल की टिप्पणी वाशिंगटन पोस्ट द्वारा अज्ञात स्रोतों का हवाला देते हुए पिछले साल अमेरिकी में पन्नू को मारने की कथित साजिश के संबंध में रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के एक अधिकारी का नाम लेने के बाद आई है। भारत ने मंगलवार को वाशिंगटन पोस्ट के आरपों को दृढ़ता से खारिज कर दिया और कहा कि रिपोर्ट में एक गंभीर मामले पर अनुचित और निराधार आरोप लगाए गए हैं और मामले की जांच चल रही है।

### स्टोर की दीवार से टकराई कार, एक की मौत, 14 घायल

लास क्रूसेस,(एजेंसी)। अमेरिका के लास क्रूज में एक थ्रिफ्ट स्टोर की दीवार से स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन टकरा गया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। गंभीर घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस ने कहा कि महिला अपना वाहन पार्क कर रही थी और उसने ब्रेक के बजाय एक्सीलेटर पर पैर रख दिया। जिससे वाहन एक स्टोर की दीवार से टकराकर सेवर्स स्टोर में घुसकर बिल्डिंग के पीछे की ओर चल गया जिसमें 67 वर्षीय एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई और उसकी मृत्यु हो गई और कई घायल हो गए। घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां उनका इलाज जारी है। एसयूवी चला रही 69 वर्षीय महिला को कोई चोट नहीं आई है।

पुलिस ने कहा कि घायलों में से दो स्टोर कर्मचारी थे और बाकी ग्राहक थे और पीड़ितों की उम्र लगभग 30 से 90 वर्ष के बीच थी। पुलिस ने कहा कि वाहन सेल्फ-चेकआउट क्षेत्र के पास सेवर्स स्टोर में घुस गया और इमारत के पीछे की तरफ चला गया। सेवर्स के एक कर्मचारी ने कहा कि सुबह करीब 10 बजे दुर्घटना के बाद उन्होंने लोगों को दर्द में चिल्लाते सुना। मुझे नहीं पता था कि क्या सोचना चाहिए या क्या करना चाहिए। लेकिन मैं बस इतना जानता था कि सबसे अच्छी बात यह है कि उन लोगों की मदद करने का प्रयास करें जिन्हें मदद की जरूरत है।

### केन्या में भारी बारिश और बाढ़ से 169 लोगों की मौत, कई लापता

नैरोबी,(एजेंसी)। केन्या में भारी बारिश और विनाशकारी बाढ़ ने सैकड़ों लोगों की जान ले ली है और कई लापता हैं। भारी बारिश के कारण मुख्य सड़कें भी कट गईं। पूरे देश में व्यापार बाधित हुआ और स्कूल बंद कर दिए गए। एक रिपोर्ट के अनुसार सरकार के प्रवक्ता इसाक मवॉरा ने बताय कि पश्चिमी केन्या के माई माहिउ शहर में सोमवार सुबह एक बांध टूटने से 48 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य प्रभावित हुए हैं। इसाक मवॉरा ने कहा कि बारिश से कम से कम 169 लोगों की मौत हो चुकी है। कई लापता हैं। सरकार ने लापता लोगों की तलाश के लिए खोज और बचाव अभियान तेज कर दिया है। पूर्वी अफ्रीकी देश में अल नीनो के कारण भारी बारिश हो रही है। केन्या मौसम विभाग ने कहा है कि यह भारी बारिश इस सप्ताह भी जारी रहेगी, साथ ही कुछ इलाकों में बाढ़ और जमीन धंसने की भी संभावना है। केन्या में हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण नैरोबी, मकुएनी, वेस्ट पोकोट और मचाकोस काउंटियों में बड़ी बाढ़ आई है। बाढ़ से जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। मुख्य सड़कें से संपर्क टूट गया है और देश में व्यापार पूरी तरह बाधित है स्कूल बंद कर दिए गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि आपातकालीन टीम बाढ़ से निपटने में केन्याई लोगों की मदद के लिए कई उपायों को लागू कर रही है, जिसमें भोजन, सुरक्षित पेयजल, स्वास्थ्य आपूर्ति और बचाव प्रयास शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यहां मार्च, अप्रैल और मई के बीच बारिश होती है, लेकिन अब जलवायु परिवर्तन के कारण यह सामान्य से ज्यादा हो रही है जिसके कारण काफी नुकसान हुआ है।

### लंदन में मेयर पद के लिए चुनाव आज, हिंदुस्तानी की टक्कर पाकिस्तानी से

लंदन (एजेंसी)। ब्रिटेन की राजधानी लंदन के मेयर पद के लिए आने वाली 2 मई को चुनाव होना है। उम्मीदवारों में एक नाम तरुण गुलाटी का है, जो वर्तमान मेयर सादिक खान को चुनौती दे रहे हैं। खास बात ये है कि मेयर के रूप में दो कार्यकाल पूरा कर चुके सादिक खान जहां पाकिस्तानी मूल के हैं, वहीं तरुण गुलाटी का जन्म भारत में हुआ है। यानी इस बार हिन्दुस्तानी की टक्कर सीधे पाकिस्तानी से है लंदन मेयर पद के लिए मैदान में उतरे 13 उम्मीदवारों में गुलाटी एकमात्र भारतीय हैं। गुलाटी को यकीन है कि वे खान को चुनाव में शिखास्त दूंगा।

मूल रूप से दिल्ली के ग्रेटर कैलाश 2 के रहने वाले गुलाटी का मानना है कि वे इस पद के प्रतिस्पर्धा कर रहे 13 उम्मीदवारों में सबसे आगे हैं। गुलाटी ने उन सर्वे को खारिज कर दिया है, जिसमें फिर से सादिक खान की जीत की संभावना है। गुलाटी ने दावा किया है कि बहुत सीमित संख्या में लोगों को शामिल करके सर्वे किया गया है। 63 वर्षीय इनवेस्टमेंट बैंकर और बिजनेसमैन तरुण गुलाटी का जन्म दिल्ली में हुआ है। उन्होंने जयपुर यूनिवर्सिटी से पढ़ाई के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से एमबीए की डिग्री हासिल की है। वे एचएसबीसी बैंक के साथ जुड़े रहे हैं, जहां उन्होंने इंटरनेशनल मैनेजर के रूप में काम किया। 2006 में लंदन में स्थायी रूप से बसने के पहले वे एशिया प्रशांत, मध्य पूर्व, अफ्रीका में रह चुके हैं। इस दौरान उन्होंने ब्रिटेन सहित छह देशों में काम किया। गुलाटी वर्तमान में लंदन स्थित कंपनी स्क्वॉयर्ड वॉटरमेलन लिमिटेड के अध्यक्ष और सीईओ हैं।

# नेपाल को चीन से दूर करने काठमांडू पहुंच रही जापानी विदेश मंत्री

काठमांडू (एजेंसी)। भारत के पड़ोसी देश नेपाल में चीन के बढ़ते प्रभाव पर लगाम लगाने भारत, अमेरिका के बाद अब जापान भी एक्शन में आ गया है। जापानी विदेश मंत्री कामिकावा योको 5 मई को नेपाल के दौरे पर आ रही हैं। साल 1956 में नेपाल के साथ राजनयिक संबंध स्थापित होने के बाद यह किसी जापानी विदेश मंत्री का चौथा दौरा है। साल 2019 के बाद किसी जापानी विदेश मंत्री का यह पहला दौरा है। मामले से जुड़े लोगों ने बताया कि इस दौरान नेपाल के साथ द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा होगी।



विश्लेषकों का कहना है कि इस यात्रा का मकसद चीन को कड़ा संदेश देना भी है जो इस हिमालयी देश में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक नेपाली विदेश मंत्रालय के एक संयुक्त सचिव ने कहा, इस यात्रा के पीछे एक रणनीतिक वजह भी है क्योंकि जापान एक मिडिल पावर के रूप में अपनी भूमिका बनाना चाहता है और एशिया में अपने प्रभाव का विस्तार करना चाहता है। यह केवल पूरी तरह से द्विपक्षीय रिश्ते को लेकर यात्रा नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि चीन और अमेरिका में बढ़ते तनाव के बीच जापान वॉशिंगटन का करीबी सहयोगी बना हुआ है। उन्होंने कहा, जापानी विदेश मंत्री की नेपाल और श्रीलंका यात्रा चीन को रणनीतिक संदेश देना है। जापान यह बताना चाहता है कि वह एशिया में रणनीतिक पहुंच को बढ़ा रहा है। जापानी विदेश मंत्री 5 मई को पहुंचकर उसी दिन शाम को लौट जाएगी। नेपाली विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देश हमारे संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा और सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा करने वाले है। इस यात्रा के दौरान किसी भी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं होना है। नेपाली विशेषज्ञों का कहना है कि हमारे देश को जापान के साथ रिश्ते को मजबूत करना चाहिए। विशेषज्ञों ने कहा कि लाखों जापानी नागरिक भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी आना चाहते हैं। उन्हें यहां पर लाया जा सकता है। इससे देश में पर्यटन बढ़ेगा। जापान ने कई एशियाई देशों को विकास प्रॉजेक्ट के लिए बहुत कम ब्याज पर पैसा भी दिया है।

जापानी विदेश मंत्री की यह नेपाल यात्रा उस समय पर हो रही है जब चीन ने नेपाल में अपने प्रभाव को बढ़ाना तेज किया है। खासतौर पर जब से केपी ओली के समर्थन से प्रचंड सरकार बनी है। चीन ने नेपाली नागरिकों के लिए वीजा फीस को खत्म कर दिया है। इतना ही नहीं चीन कई प्रॉजेक्ट भी नेपाल के अंदर शुरू करने जा रहा है।

## यूट्यूबर पैराग्लाइडर से गिरा नीचे, गर्दन और पीठ की हड्डी टूटी

वॉशिंग्टन,(एजेंसी)। पैराग्लाइडिंग इस खेल में कई जोखिम भी हैं। पैराग्लाइडरों के पैराग्लाइडिंग के बीच कई घटनाएं भी सामने आती रहती हैं। इस तरह की एक घटना सामने आई है जिसमें पैरामोटर पायलट और यूट्यूबर एंथनी वेला टेक्सास के उत्तर-पश्चिम में एनचांटेड रॉक स्टेट पार्क में अपने पैराग्लाइडर के गिरने के बाद गंभीर रुप घायल हो गए हैं। इस हादसे में उनकी गर्दन, पीठ में फ्रैक्चर हो गया है। यह हादसा सीसीटीवी में कैद हो गया। घटना के एक यूट्यूब वीडियो में जिसका शीर्षक है पैरामोटर क्रैश ने लगभग मेरी जिंदगी खत्म कर दी, एंथोनी ने कहा कि उसने बीजीडी लूना 3 का परीक्षण करते समय जमीन से करीब 100 फीट की ऊंचाई पर अपना नियंत्रण खो दिया उसमें समय वह 50 मील प्रति घंटे की रफ्तार से यात्रा कर रहा था। अब वायरल हो रहा वीडियो पैराग्लाइडर को नियंत्रित करने के लिए व्यक्ति के प्रयासों को दर्शाता है लेकिन क्या फायदा जब सभी कोशिशें नाकाम रहती हैं और वह जमीन पर गिर जाता है। कैमरे में उसे दर्द से चिल्लाते हुए दिखाया गया है। बाद में एक क्लिप में उसने कहा कि प्री-टेकऑफ चेकअप के दौरान एक छोटी पेंशन गाँठ छूट जाने से यह दुर्घटना घटित हुई। एक रिपोर्ट के अनुसार दो प्रत्यक्षदर्शियों ने वेला की मदद की। ऊंचाई से गिरने से एंथोनी की गर्दन, पीठ, और हाथ की हड्डी टूट गई है। उसे सर्जरी करने की जरूरत थी। उनकी पत्नी लिएंड्रा ने यूट्यूब पर कहा, हमने आप सभी का प्यार और समर्थन महसूस किया है और हम यह नहीं बता पाएंगे कि यह उनके, मेरे और हमारे परिवार के लिए कितना मायने रखता है।

# पाकिस्तान में हिंदू लड़कियों को जबरन इस्लाम कबूल करवाया जा रहा

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान की संसद में सांसद दिनेश कुमार ने कहा कि हिंदू लड़कियों को जबरन इस्लाम कबूल करवाया जा रहा है। उन्होंने पाकिस्तान के संविधान और इस्लाम की आयतों का जिक्र कर कहा कि जबरन धर्म परिवर्तन कराने वाले न संविधान मानते हैं और न इस्लाम।

उन्होंने कहा, कि सिंध में पक्के के डाकू हमारी हिंदू लड़कियों को जबरदस्ती इस्लाम कबूल करवा रहे हैं। कच्चे के डाकू तब सिर्फ अगवा करते हैं। हालांकि पाकिस्तान का संविधान कहता है कि किसी का जबरन धर्म परिवर्तन नहीं किया जा सकता। कुरान पाक कहता है कि मजहब



में कोई जबर नहीं। आपका मजहब आपके लिए हमारा मजहब हमारे लिए। कुमार ने कई सूफी संतों का जिक्र कर कहा कि इनके खास लोग हिंदू थे, फिर भी उन्होंने कोई जोर जबरदस्ती नहीं की। उन्होंने कहा, संघार में प्रिया कुमारी जिसकी उम्र 6 साल थी उसे मोहर्रम के महीने में अगवा कर लिया गया। उसके मां-बाप लोगों को पानी पिला रहे थे। आज दो साल हो गए, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला है। जिस आदमी ने अगवा किया, उसका नाम हर किसी को पता है। वहां भी पक्के का डाकू है, लेकिन सिंध की सरकार हाथ नहीं डालती है। उस आदमी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए, ताकि प्रिया आजाद हो सके। उन्होंने कहा कि सिंध को बलोचिस्तान से सीखना चाहिए। बलोचिस्तान में जुल्म नहीं हो रहा। पाकिस्तान का संविधान इजाजत देता है कि यहां जो भी लोग हैं वो अपनी तबलीग कर सकते हैं। लेकिन गैर मुस्लिम किसी पर भी जुल्म नहीं करते। उन्होंने कहा, कहते हैं जॉइंट इनवेस्टिगेशन टीम बनी है। जिन लोगों ने प्रिया कुमारी को अगवा किया, उन्हें एयर कंडीशन रूम में बैठाकर पूछताछ की जाती है।

## अमेरिका को आंखें दिखा रहे चीन ने विमानवाहक पोत फुजियन को परीक्षण के लिए समुद्र में उतारा

बीजिंग(एजेंसी)। चीन के पहले सुपर कैरियर फुजियन ने समुद्री परीक्षण शुरू कर दिया है। इस संबंध में रिपोर्ट दावा करती हैं कि चीन का तीसरा विमानवाहक पोत फुजियन पहली बार परीक्षण के लिए समुद्र में उतरा है। विशेषज्ञों का तर्क है कि फुजियन का परीक्षण अमेरिका के साथ सैन्य अंतर को कम करने की चीन की क्षमता में महत्वपूर्ण कदम होगा। ये इसलिए भी अहम है क्योंकि ताइवान के मुद्दे पर चीन और अमेरिका में तनातनी है। चीन का फुजियन पारंपरिक रूप से संचालित है। इसमें अमेरिकी नौसेना के सेवा में सबसे परिष्कृत वाहक यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड के बराबर एक विद्युत चुम्बकीय प्रक्षेपण प्रणाली है। फुजियन के



लिए समुद्री परीक्षणों की शुरुआत विकास पथ में नवीनतम मील का पत्थर होगी। फुजियन की तैनाती चीन की समुद्री क्षमताओं को बढ़ाने और भारत-प्रशांत क्षेत्र में अपने प्रभाव का दावा करने के रणनीतिक उद्देश्यों में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापोल्ट्स से लैस चीन का पहला सुपरकैरियर माना जाने वाला यह युद्धपोत चांगक्सिंग द्वीप पर जियांगनान में अपनी बर्थ से रवाना हुआ था। इस चीनी युद्धपोत को अमेरिकी नौसेना के गेराल्ड आरफोर्ड के जवाब के तौर पर देखा जा रहा है। फुजियन का अपने पहले समुद्री परीक्षण के लिए उतरना विमान वाहक के विकास में चीन का एक महत्वपूर्ण कदम है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कई टगबोटों की सहायता से जहाज को अपनी बर्थ से बाहर निकल गया। ट्विटर पर शेयर कुछ तस्वीरों में कहा गया है कि समुद्री परीक्षण से पहले आतिशबाजी भी की गई। हालांकि समुद्री परीक्षण शुरू हुआ है या नहीं, इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। कुछ तस्वीरों में फुजियन को उसके मूल बर्थ के पास यांग्त्जी नदी डेल्टा में तैनात दिखाया गया है।

## राफा पर इजरायली हमला असहनीय होगा, हजारों लोग मारे जाएंगे

संयुक्त राष्ट्र,(एजेंसी)। इजराइल-हमास में युद्धविराम की संभावना के बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू राफा में सेना भेजने के अपने दृढ़ संकल्प पर अड़े हुए है। उधर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने उस क्षेत्र पर हमले को रोकने के लिए इजराइल पर अंतर्राष्ट्रीय दबाव की अपील की है। राफा में 12 लाख से ज्यादा फिलिस्तीनी शरण लिए हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा कि मैं इजरायल पर प्रभाव रखने वाले सभी लोगों से राफा पर इजराइल हमले को रोकने के लिए अपनी शक्ति में सब कुछ करने की अपील करता हूं। उन्होंने कहा कि राफा पर सैन्य हमला असहनीय है, जिसमें हजारों आम लोग मारे जाएंगे और हजारों लोगों को भागने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। वह क्षेत्र जहां 12 लाख से ज्यादा लोग अब राफा गवर्नरेट में शरण मांग रहे हैं, उनमें से अधिकांश इजरायली बमबारी के कारण भाग रहे हैं। अभी तक इजराइल-हमास युद्ध में 34,000 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं जिसकी पूरी दुनिया ने इजराइल की इस कार्रवाई का विरोध किया है। इस बीच नेतन्याहू ने कहा कि हम राफा में घुसेंगे और जीत हासिल करने के लिए समझौते के साथ या उसके बिना, हमास की बटालियनों को खत्म कर करेंगे। यह बयान अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की इजरायल यात्रा से पहले आया।

## वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक उत्पादन को सीमित करने पर चर्चा

ओटावा,(एजेंसी)। प्लास्टिक का उपयोग रोकने के लिए भारत ही नहीं पूरा विश्व ही कोशिश कर रहा है इससे हमारी धरती के साथ-साथ मानव जाति को भी नुकसान पहुंच रहा है। दुनिया में प्लास्टिक प्रदूषण खत्म करने के लिए कनाडा में पहली बार वैश्विक संधि के लिए संभावित मसौदे पर बातचीत हुई। हालांकि कई देश इस बात पर बंटे हुए थे कि क्या प्लास्टिक उत्पादन पर वैश्विक सीमा तय की जाए। इसके साथ प्लास्टिक प्रदूषण पर चल रही चौथे दौर की बातचीत भी खत्म हो गई। पर्वेक्षकों ने इस बातचीत को स्वागत योग्य संकेत बताते हुए कहा है कि इस बात पर चर्चा हो रही है कि संधि में किन शब्दों को शामिल किया जाए। ओटावा,सत्र की समाप्ति पर समिति संधि पर काम जारी रखने पर सहमत हुई है। संधि पर आखिरी बैठक इस साल दक्षिण कोरिया में होगी। बातचीत में वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक के उत्पादन को सीमित करना सबसे अहम मुद्दे के तौर पर उभरा। प्लास्टिक का उत्पादन करने वाले देशों और कंपनियों के अलावा तेल और गैस का निर्यात करने वाले देशों ने इस पर आपत्ति की।

दुनियामें सबसे ज्यादा प्लास्टिक जीवाश्म ईंधन और रसायन से बनाया जाता है। इंटरनेशनल काउंसिल आफ केमिकल एसोसिएशन के प्रवक्ता हैरिस ने कहा कि समिति के सदस्य ऐसी संधि चाहते हैं जिसमें प्लास्टिक की रीसाइक्लिंग और रीयूज पर फोकस किया जाए।

# यूएई में फिर भारी बारिश का अलर्ट.....

## सरकार ने लोगों से की अपील

दुबई (एजेंसी)। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) इस हफ्ते फिर से भारी बारिश का सामना कर सकता है। यह देखकर सऊदी सरकार ने लोगों से सावधानी बरतने और बेवजह घर से ना निकलने के लिए कहा गया है। अधिकारियों को उम्मीद है कि मौसम की स्थिति पिछले महीने की तरह गंभीर नहीं होगी लेकिन सुरक्षा संबंधी सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। नेशनल इमरजेंसी क्राइसिस और आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनसीईएमए) ने बारिश के पुर्वानुमान को देखकर बैठक की है। बैठक में यूएई के आंतरिक मंत्रालय (एमओआई), राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (एनसीएम) और दूसरे सरकारी



विभागों के अफसर भी शामिल थे। रिपोर्ट के मुताबिक, बैठक में सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने, परेशानी को कम करने के लिए और व्यवसाय को कम से कम नुकसान हो, इस पर चर्चा की गई। एनसीएम ने बताया कि बीते महीने जिस तरह से भारी बारिश हुई, उस तरह से मौसम रहने की उम्मीद इस बार नहीं है। बुधवार रात से गुरुवार तक यूएई के कई इलाकों में मध्यम से भारी बारिश होगी। बारिश के साथ कुछ इलाकों में ओले गिरने और बिजली कड़कने की संभावना है। वहीं शुक्रवार और शनिवार को बादल छंटने और हल्की से मध्यम बारिश जारी रहने का अनुमान है। दक्षिणी और पूर्वी क्षेत्रों में तेज बारिश हो सकती है। आंतरिक मंत्रालय ने बारिश के पूर्वानुमान पर कहा है कि आंतरिक सुरक्षा के लिए सर्वोच्च समिति, मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में काम कर रही है। टीम मौसम की स्थिति के विकास और अपडेट की लगातार निगरानी कर रही है ताकि किसी भी स्थिति से निपटा जा सके। मंत्रालय ने बताया है कि बारिश से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में सभी जरूरी उपाय किए हैं।

# दुनिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनने जा रहा इस खाड़ी देश में

दुबई (एजेंसी)। खाड़ी देशों में कई बड़े एयरपोर्ट हैं। इसी कड़ी में सऊदी अरब का किंग फहद एयरपोर्ट क्षेत्रफल के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा हवाई अड्डा है। ये 780 वर्ग किलोमीटर में फैला है। सऊदी 2030 तक किंग फहद इंटरनेशनल साइट पर नए छह-रनवे एयरपोर्ट पर भी काम कर रहा है, जिसकी एक साल की यात्रियों की संख्या 185 मिलियन (साढ़े 18 करोड़) होगी। इससे भी आगे बढ़ते हुए यूएई में दुनिया में सबसे व्यस्त एयरपोर्ट बनाने जा रहा है। दुबई में यात्री संख्या के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनेगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, रविवार



को यूएई के सबसे नए एयरपोर्ट दुबई वर्ल्ड सेंट्रल (डीडब्ल्यूसी) अल मकतूम इंटरनेशनल में 34.85 अरब डॉलर के खर्च से नए यात्री टर्मिनल की योजना का ऐलान किया है। डीडब्ल्यूसी अल मकतूम को 14 साल पहले खोला गया था। इस एयरपोर्ट में अब हर साल 260 मिलियन (26 करोड़) यात्रियों को समायोजित करने की है। यह एयरपोर्ट के लिए पिछले अनुमानों की तुलना में पूरे 10 यात्रियों की संख्या अधिक है।

दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने कहा, यह वर्तमान दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के आकार का पांच गुना होगा और आने वाले सालों में दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के सभी संचालन को इसमें ट्रांसफर कर दिया जाएगा। इस एयरपोर्ट में 400 एयरक्राफ्ट गेट और पांच समानांतर रनवे बनाए जाएंगे। दुबई वर्ल्ड सेंट्रल, दुबई के दो इंटरनेशनल एयरपोर्ट में से नया है। दुबई अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट दुनिया का नंबर 2 सबसे व्यस्त हवाई अड्डा था लेकिन डीडब्ल्यूसी की विस्तार योजनाओं के हिसाब से इसका यातायात नए एयरपोर्ट पर जाएगा। ये एयरपोर्ट एक बहुत बड़ी योजना का केंद्रबिंदु होगा, जिसे दुबई साउथ कहा जाता है। इसमें दुबई के दक्षिण में 145 वर्ग किलोमीटर रेगिस्तान में एक पूरे नए शहर के निर्माण की परिकल्पना की गई है। इस नए शहर को आठ भागों में बांटा जाएगा, हर एक भाग को विशिष्ट गतिविधि के लिए आवंटित किया जाएगा। शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने कहा कि जैसा कि हम दुबई दक्षिण में हवाई अड्डे के चारों ओर एक पूरा शहर बनाते हैं, दस लाख लोगों के लिए आवास की मांग बढ़ेगी। हम भावी पीढ़ियों के लिए एक नई परियोजना का निर्माण कर रहे हैं, जिससे हमारे बच्चों और उनके बच्चों के लिए निरंतर और स्थिर विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि दुबई दुनिया का एयरपोर्ट होगा, इसका बंदरगाह, इसका शहर नया वैश्विक केंद्र होगा।

मकतूम ने कहा कि नया हवाई अड्डा दुबई के विमानन क्षेत्र में अगले 40 वर्षों के अपेक्षित विकास के लिए जमीन तैयार करेगा। हालांकि इस बीच दुबई इंटरनेशनल (डीएक्सबी) में कारोबार हमेशा की तरह चल रहा है, जिसने इस महीने पहली बार 2023 में 104.7 यात्रियों को सेवा देकर दुनिया के नंबर 2 सबसे व्यस्त हवाई अड्डे का खिताब हासिल किया।

## एक नजर

### पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को सात विकेट से हराया

चेन्नई 01 मई (एजेंसी) जॉनी बेयरस्टो (46), राइली रुसो (43) की दमदार पारियों की बदौलत पंजाब किंग्स ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 49वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को सात विकेट से हरा दिया है। पंजाब किंग्स की यह चौथी जीत और चेन्नई सुपर किंग्स की पांचवीं हार है।

पंजाब किंग्स के गेंदबाजों ने बेहतरीन गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा स्कोर बनाने से रोका और उसके बाद जॉनी बेयरस्टो और राइली रुसो शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को जीत की ओर अग्रसर किया। जॉनी बेयरस्टो ने 30गेंदों में सात चौके और एक छक्के की मदद से (46) रन बनाये। वहीं राइली रुसो ने 23 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए (43) रनों की पारी खेली। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह 10 गेंदों में 13 रन बनाकर आउट हुये। शशांक सिंह 27 और सैम करन 26 रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब ने 17.5 ओवर में तीन विकेट पर 163 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया।

### 21 मई को टी20 विश्वकप के लिए रवाना होगी भारतीय क्रिकेट टीम

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम इसी माह 21 मई को आईसीसी टी20 विश्वकप के लिए अमेरिका जाएगी। टी20 विश्वकप का आयोजन संयुक्त रुप से वेस्टइंडीज और अमेरिका में होगा। आईपीएल 2024 के ग्रुप स्तर के मुकाबले समाप्त होने के एक दिन बाद ही टीम इंडिया का पहला दल अमेरिका के लिए रवाना होगा। पहले दस्ते में केवल वो खिलाड़ी शामिल नहीं होंगे जिनकी टीमें आईपीएल प्लेऑफ में पहुंची हैं। इस दल में भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ सहित उनका पूरा सहयोगी स्टाफ भी शामिल रहेगा। वहीं दूसरा दल 26 मई को खेले जाने वाले आईपीएल फाइनल मैच के बाद रवाना होगा।

एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय टीम इसके बाद न्यूयॉर्क जाएगी जहां उसे लीग के पहले तीन मुकाबले खेलने हैं। भारतीय टीम इंडिया 5 जून को आयरलैंड से, 9 जून को पाकिस्तान से और 12 जून को मेजबान अमेरिका से खेलेगी। टीम इंडिया का शुरुआती कैंप न्यूयॉर्क में लगेगा। आईसीसी ने नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय टीम के लिए अभ्यास की भी व्यवस्था की है। भारतीय टीम लगभग 6 ड्रॉप इन प्रैक्टिस पिचों पर अभ्यास करेगी।

### वॉन बोले, टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में भी नहीं पहुंचेगी भारतीय टीम

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने अगले माह टी20 विश्वकप के लिए चयनित भारतीय टीम की आलोचना की है। वॉन ने कहा कि ये भारतीय टीम सेमीफाइनल तक भी नहीं पहुंच पायेगी। वॉन ने भारतीय टीम को आईसीसी टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चार टीमों में शामिल नहीं करते हुए सोशल मीडिया पर उन चार टीमों के नाम भी दिये है जो उनके अनुसार सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। उनका मानना है कि इस बार टी20 विश्व कप में मेजबान वेस्टइंडीज के साथ ऑस्ट्रेलिया, मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की टीम अंतिम चार में पहुंचेंगी। इस बार दस टूर्नामेंट में कुल 20 टीमें खेल रही हैं जिनको 5-5 के 4 ग्रुप में बांटा गया है। भारतीय टीम को परंपरागत प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। इसके अलावा आयरलैंड, कनाडा और मेजबान अमेरिका को ग्रुप में जगह दी गई है।

### थरूर ने टी20 विश्वकप के लिए सैमसन के चयन पर खुशी जतायी

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में जगह मिलने पर खुशी जतायी है। थरूर ने कहा है कि उनके लोकसभा क्षेत्र तिरूवनंतपुरम का यह विकेटकीपर बल्लेबाज इस साल अपने बेहतर प्रदर्शन से टीम में जगह पाने का अधिकारी था। सैमसन को टी20 विश्व कप के लिए घोषित 15 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया है। सैमसन पहली बार टी20 विश्व कप में खेलते हुए दिखेंगे। सैमसन आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान हैं। उन्होंने इस सत्र में काफी रन बनाये हैं। सैमसन को विश्व कप टीम में शामिल होता देख थरुर बेहद उत्साहित हैं उनका कहना है कि टीम अब ट्रॉफी भी जीतेगी।

सैमसन को विश्वकप के लिए ऋषभ पंत के साथ दूसरे विकेटकीपर के तौर पर चुना गया है। थरूर ने सोशल मीडिया में लिखा , 'बीसीसीआई चयनकर्ताओं को टी20 विश्व कप के लिये शानदार टीम चुनने पर बधाई। खुश हूं कि मेरे लोकसभा क्षेत्र का एक क्रिकेटर विश्व कप में खेलेगा। सैमसन को टीम में चुना गया इसलिए अब टीम खिताब भी जीतेगी।'गौरतलब है कि गत वर्ष सैमसन को एकदिवसीय विश्व कप के लिए शामिल नहीं किये जाने पर थरुर ने नाराजगी जतायी थी।

### पांड्या और मुम्बई टीम पर जुर्माना

लखनऊ (एजेंसी)। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या को दोहरा झटका लगा है। लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ मिली हार के बाद उनपर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना भी लगा है। मुम्बई ने दूसरी बार ये गलती की है। इसलिए बीसीसीआई ने हार्दिक पर 24 लाख रुपए जुर्माना लगाया है। वहीं इंपैक्ट खिलाड़ी सहित अन्य खिलाड़ियों पर 6-6 लाख रूपए या मैच फीस का 25 फीसदी जुर्माना लगाया गया है। हार्दिक पर ये जुर्माना मैच रैफरी ने लगाया। उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया। इसलिए अधिक सुनवाई की जरुरत नहीं पड़ी है। बीसीसीआई की ओर से कहा गया, 'पांड्या पर 48वें मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिए जुर्माना लगाया गया है। इसमें कहा गया, 'यह इस सत्र में धीमी ओवर गति संबंधित टीम का दूसरा अपराध था इसलिए पांड्या पर 24 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया है। वहीं टीम के बाकी सदस्यों पर 6-6 लाख रुपए या मैच फीस का 25 फीसदी , जो कम हो, जुर्माना लगाया गया है। मुंबई इंडियंस इस मैच में हार गयी थी। इससे टीम के प्लेऑफ तक पहुंचने की उम्मीदें तकरीबन समाप्त हो गयी हैं। उसे 10वें मैच में 7वीं हार मिली है।

### पंड्या को इन खूबियों के चलते टीम इंडिया में जगह मिली

मुम्बई (एजेंसी)। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को आईपीएल में खराब फार्म के बाद भी भारतीय टीम में शामिल किये जाने पर कई लोग हैरान हैं। उनका मानना था कि पंड्या को विश्वकप के लिए शामिल नहीं करना चाहिये पर अब ये बात सामने आई है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पंड्या पर क्यों भरोसा जताया है। हार्दिक को चयन समिति ने उप कप्तान की जिम्मेदारी भी दी है। चयनकर्ता और कप्तान ने हार्दिक का चुनाव कर ये बताया है कि आईसीसी के इस टूर्नामेंट में अनुभव और क्षमताओं को वर्तमान फार्म से अधिक अधिक महत्व दिया गया है।

# आईपीएल में आज राजस्थान रॉयल्स से मुकाबला करेगी सनराइजर्स




हैदराबाद (एजेंसी)। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम आईपीएल में गुरुवार को अपने घरेलू मैदान पर राजस्थान रॉयल्स का सामना करेगी। इस मैच में सनराइजर्स भले ही अपने घरेलू मैदान पर खेल रही हो लेकिन इस मैच में जीत के लिए कप्तान संजू सैमसन की राजस्थान को प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इसका कारण ये है कि राजस्थान ने अबतक खेले गये 9 मुकाबलों में से 8 जीते हैं। ऐसे में वह 16 अंक लेकर शीर्ष पर है। इसके साथ ही उसके बल्लेबाज और गेंदबाज शानदार फर्म में हैं। वहीं दूसरी और इस सत्र की शुरुआत में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से धमाका करने वाली कप्तानी पैट कमिंस की सनराइजर्स बाद के मैचों में असफल रही है। । उसने अब तक पांच मैच जीते हैं जबकि चार में उसे हार का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रकार 10 अंक लेकर वह पांचवे नंबर पर है। पिछली कुछ हारों से उसका मनोबल भी गिरा है और टीम लक्ष्य का सामना करने में विफल रही है।

ऐसे में सनराइजर्स के लिये अपनी प्लेऑफ की संभावनाएं बनाये रखने इस मैच में जीतना जरुरी है। रॉयल्स ने पहले ही प्लेऑफ के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। सनराइजर्स के शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाज लक्ष्य का पीछा करते हुए अब तक असफल रहे हैं यहां तक कि कोच डेनियल विटोरी ने भी माना है कि लक्ष्य का पीछा करते हुए अति आक्रामक खेलने की रणनीति से उसे हार मिली है।

सनराइजर्स ने इस सत्र में पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन बार 250 से अधिक स्कोर बनाया पर वह लक्ष्य का पीछा करते हुए 200 से अधिक का स्कोर एक बार भी हासिल नहीं कर पायी। मुख्य कोच विटोरी ने आरसीबी से मिली हार के बाद कहा था ,'' हम लक्ष्य देने में सफल रहे हैं पर अब हमें लक्ष्य का पीछा करना भी सीखना होगा।'' सनराइजर्स की टीम इस सत्र में अब तक बल्लेबाजी में ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा पर काफी निर्भर रही है। ऐसे में अगर ये रन नहीं बना पाते हैं तो टीम बिखर जाती है।

उसके अनुभवी बल्लेबाज एडेन माक्रम भी अब तक रन नहीं बना पाये हैं। वहीं रॉयल्स का अब तक का सफर जबरदस्त रहा है। पहले सत्र की विजेता टीम ने हर विरोधी टीम के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया है। उसके पास कप्तान संजू सैमसन के अलावा जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल और जैसे शानदार बल्लेबाज हैं। इसके अलावा शिमरोन हेटमायेर और रोवमैन पॉवेल, रियान पराग और ध्रुव जुरेल ने भी काफी रन बनाये हैं। गेंदबाजी की बात करें तो टीम के पास ट्रेंट बोल्ट जैसा तेज गेंदबाज व आवेश खान व संदीप शर्मा हैं जैसे युवा गेंदबाज है। स्पिन की कमान यजुवेन्द्र चहल संभालेंगे। चहल ने अब तक काफी अच्छी गेंदबाजी की है।

दूसरी ओर रॉयल्स की बल्लेबाजी अब तक अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिच क्लासेन और नीतिश रेड्डी व मयंक अग्रवाल पर आधारित रही है। उसके गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार , मार्को यानसेन और स्पिनर टी नटराजन अब तक प्रभावित नहीं कर पाये हैं।

## बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने प्रिवे लॉन्च किया

अटल हिंद संवाददाता




गुरुग्राम। बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने आज प्रिवे को लॉन्च कर दिया। यह एक एक्सक्लूसिव कस्टमर इक्स्पीरीयंस प्रोग्राम है जो बेजोड़ क्वालिटी के साथ साथ ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवा तक अपनी पहुंच प्रदान करता है। प्रिवे का हिस्सा बनने के लिए, ग्राहकों के पास उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार स्वास्थ्य, घर, मोटर, व्यक्तिगत दुर्घटना और साइबर, बीमा जैसे उत्पादों की एक श्रृंखला से चयन करने की सुविधा है। इसके बीमा उत्पादों में वर्तमान में माई हेल्थ केयर प्लान शामिल है, जो एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया के रूप में न्यूनतम 1 करोड़ रुपये की बीमा राशि के साथ अनुकूलन योग्य स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान करता है। ग्लोबल हेल्थ केयर विदेशी चिकित्सा उपचार के साथ साथ अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दोनों तरह के नियोजित और आपातकालीन उपचार जैसे कवरेज प्रदान करता है। साथ ही इसके ग्राहक पात्रता के लिए बीमा राशि के किसी भी विकल्प को चुन सकते हैं। इसके अलावा, वी-पे ऐड-ऑन कवर के साथ एक मोटर प्रोडक्ट भी ऑफर किया जाएगा। माई होम इंश्योरेंस ऑल रिस्क पॉलिसी घर की संरचना और घर में मूल्यवान सामग्री दोनों के लिए व्यापक बीमा कवरेज सुनिश्चित करती है। प्रिवे क्लेम प्रोसेसिंग और असिस्टन्स में तेजी लाने पर ध्यान केंद्रित करने वाले एक्स्पर्ट्स के माध्यम से सर्विस एक्सपिरिअन्स को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे ग्राहकों के पास % प्रिवे कनेक्ट% तक भी पहुंच होगी, जो किसी भी सर्विस रिक्वेस्ट या क्लेम को पूरा करने के लिए सभी बीमा संबंधित प्रश्नों और आवश्यकताओं का तुरंत हल प्रदान करने के लिए एक समर्पित टीम उपलब्ध है। हेल्थ क्लेम के मामले में, पेशेवरों द्वारा घर पर हैसल फ्री डिस्चार्ज और प्री-पॉलिसी चेक अप जैसी अतिरिक्त सेवाएं भी प्रदान की जाती हैं।

## रिंकू को अक्षर के कारण नहीं मिली टी20 विश्व कप के लिए जगह

नई दिल्ली (एजेंसी)। आक्रामक बल्लेबाज रिंकू सिंह टी20 विश्व कप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम में जगह पाने के बड़े दावेदार थे पर उन्हें शामिल नहीं किये जाने से क्रिकेट प्रशंसक हैरान हैं। रिंकू पिछले साल आईपीएल में शानदार प्रदर्शन कर भारतीय टीम में आये थे और तभी से उन्होंने समय-समय पर टीम में अच्छा योगदान दिया था।

टी20 विश्व के लिए उनका चयन पक्का था पर अंतिम समय पर स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल को उनकी जगह मिल गयी। रिंकू चयन की दौड़ में इस कारण पिछड़ गये क्योंकि कोच और कप्तान एक ऐसा खिलाड़ी चाहते थे जो बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी भी कर सके। ऐसे में रिंकू के अलावा अक्षर और वाशिंगटन सुंदर में मुकाबला था। चयनकर्ताओं के अलावा कप्तान रोहित रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ एक गेंदबाजी विकल्प रखना चाहते थे। इसी कारण अक्षर को सुंदर और रिंकू की जगह मिल गयी। टीम इंडिया को अक्षर के होने से अब चार स्पिनर के विकल्प मिलेंगे। टीम के पास पहले से ही कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल और रवींद्र जडेजा जैसे स्पिनर हैं। चयनकर्ताओं ने विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम को चुना है। इसके साथ ही चार खिलाड़ियों को रिजर्व यानी बैकअप के तौर पर शामिल किया गया है।

## टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में मुम्बई इंडियंस के सबसे अधिक खिलाड़ी शामिल

मुम्बई (एजेंसी)। आगामी टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में शामिल खिलाड़ियों पर नजर डालें तो सबसे अधिक चार खिलाड़ी आईपीएल टीम मुम्बई इंडियंस से है। विश्वकप में आईपीएल की छह टीमों के खिलाड़ियों को जगह मिली है पर केकेआर और सनराइजर्स हैदराबाद सहित चार टीमों के एक भी खिलाड़ी को इसमें शामिल नहीं किया गया है। विश्वकप में भारतीय टीम की कप्तानी मुम्बई इंडियंस के रोहित शर्मा करेंगे। टीम के चयन में आईपीएल प्रदर्शन को भी ध्यान में रखा गया है। इसी कारण शिवम दुबे, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल जैसे खिलाड़ी टीम में भी टीम में शामिल किया गया है। आईपीएल अंक तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स के तीन खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन, युजवेंद्र चहल को भी भारतीय टीम में जगह मिली है पर अंक तालिका में दूसरे नंबर पर कायम कोलकाता नाइटराइडर्स का एक भी खिलाड़ी इसमें शामिल नहीं है। आईपीएल में तीन बार 250 से अधिक रन बनाने वाली सनराइजर्स के किसी खिलाड़ी को भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है। इसके अलावा लखनऊ सुपरजायंट्स और गुजरात टाइटंस के खिलाड़ियों को भी शामिल नहीं किया गया है। विश्वकप के लिए भारतीय टीम में

मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या के अलावा सूर्यकुमार यादव और जसप्रीत बुमराह को भ जगह मिली है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स के 3 खिलाड़ियों में ऋषभ पंत, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव शामिली हैं। वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) और चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के दो-दो और पंजाब किंग्स के एक खिलाड़ी को भारतीय टीम में जगह मिली है। आरसीबी के विराट कोहली, मोहम्मद सिराज और चेन्नई सुपरकिंग्स के शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा ने भारतीय टीम में जगह बनाई है।

## विश्वकप के लिए इन खिलाड़ियों को बदकिस्मती से टीम में जगह नहीं मिली

मुम्बई (एजेंसी)। अगले माह जून में होने वाले टी20 में कुछ ऐसे खिलाड़ियों को भी जगह नहीं मिली है। जो भारतीय टीम में जगह पाने के अधिकारी थे। इनमें श्रेयस अय्यर , केएल राहुल , शुभमन गिल, रवि बिश्नोई, रिंकू सिंह और ईशान किशन शामिल हैं। इन सभी के पास अंतरराष्ट्रीय अनुभव है और इन्होंने कई बार अपने को साबित किया पर इसके बाद भी इनकी उपेक्षा से सभी हैरान हैं।

श्रेयस अय्यर – केकेआर के कप्तान श्रेयस हालांकि इस आईपीएल सत्र में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं पर पिछले सत्र के साथ ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उन्होंने मध्यक्रम में बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है।

केएल राहुल – अनुभवी विकेटकीपर केएल राहुल का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के साथ ही इस आईपीएल सत्र में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा है। इसके बाद भी उन्हें विश्व कप टीम के रिजर्व खिलाड़ियों में भी जगह नहीं मिली है। भारतीय टीम इंडिया में ऋषभ पंत और संजू सैमसन के रूप में दो विकेटकीपर बल्लेबाज शामिल हैं। राहुल ने 72 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 139 के स्ट्राइक रेट से 2265 रन बनाए हैं।

रवि बिश्नोई – लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पिनर ने आईपीएल के इस सत्र में शानदार गेंदबाजी की है। बिश्नोई को टी20 में एक साल से ज्यादा समय तक रख गया। इसक बाद भी उन्हें जगह नहीं मिली। बिश्नोई ने अबतक 24 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 36 विकेट लिए हैं, वहीं आईपीएल के 61 मैचों में उनके 58 विकेट हैं।

ईशान किशन – आईपीएल में मुंबई इंडियंस की ओर से पारी की शुरुआत करने वाले ईशान का इस आईपीएल में स्ट्राइक रेट 165 से ज्यादा का रहा है। उन्हें दक्षिया अफ्रीका दौरे से अचानक ही नाम वापस लेने और घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने के बाद से ही टीम से बाहर कर दिया गया था। माना जा रहा है कि इसी कारण उन्हें विश्वकप के लिए भी जगह नहीं मिली है।

रिंकू सिंह – रिंकू को मुख्य टीम में जगह नहीं मिली है। उन्हें रिजर्व खिलाड़ियों में रखा गया है. आईपीएल में कोलकाता नाइटराइडर्स की ओर से खेल रहे रिंकू फिनिशर की भूमिका निभाते हैं।

# हरियाणा

## लोकसभा चुनावों के मद्देनजर पुलिस ने पैरा मिल्ट्री फोर्स के सथ नरवाना में निकाला फ्लैग मार्च

अटल हिंद/राजीव



नरवाना, 1 मई। लोकसभा चुनावों को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन ने बुधवार सुबह पुलिस अधीक्षक जीन्द सुमित कुमार के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक अमित कुमार भाटिया के नेतृत्व में नरवाना शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से भयमुक्त मतदान करने की अपील की गई। डी.एस.पी. नरवाना अमित कुमार भाटिया ने बताया कि जिला पुलिस व पैरा मिल्ट्री फोर्स ने मिलकर नरवाना शहर में फ्लैग मार्च निकाला ताकि लोग बिना किसी डर के शांतिपूर्वक मतदान कर सकें। फ्लैग मार्च में जिला पुलिस और पैरामिल्ट्री फोर्स के करीब 100 से अधिक जवान मौजूद रहे। फ्लैग मार्च निकालने का हमारा मुख्य उद्देश्य नागरिकों के मन में सुरक्षा का एहसास दिलाना है कि वे बिना किसी डर भय और निष्पक्षता से वोट दें। पुलिस का उद्देश्य है कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव करवाया जाए जिसके लिए फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होने कहा कि पुलिस की टीमें चुनाव करवाने के लिए तैयार हैं जिसके लिए जगह-जगह नाकाबंदी की गई हैं। उन्होंने कहा कि नशे, अवैध शराब या अवैध हथियार के साथ कोई व्यक्ति पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाऐगी।

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़नपुर का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

अटल हिंद संवाददाता



नरवाना, 1 मई। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा जारी किए गए 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़नपुर का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। यह जानकारी देते हुए स्कूल के प्रिंसीपल संजय चौधरी ने बताया कि स्कूल के कुल 190 बच्चों ने परीक्षा दी थी जिनमें से 104 बच्चों ने मैरिट में स्थान हासिल किया। सभी मैरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मैडल के द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि 83 बच्चों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की तथा स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। संजय चौधरी ने बताया कि

मेधावी छात्रों की सूची में विज्ञान संकाय में रवीशा पुत्री दिलबाग ने 475 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, शीतल पुत्री सुनील दत्त ने 447 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान तथा अमन पुत्र मुख्तयार सिंह एवं हरित पुत्र रमेश मोर ने 436 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में अलीशा पुत्री राममेहर ने 459 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अंजू पुत्री कुलदीप सिंह ने 447 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान तथा अंजली पुत्री उदयवीर ने 432 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में मन्नू पुत्री राजबीर ने 471 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, खुशी पुत्री फकीरचंद एवं सुमित पुत्र कृष्ण ने संयुक्त रूप से 464 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान तथा नीतू पुत्री बलवान ने 458 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के अच्छे परिणाम पर जिला शिक्षा अधिकारी सुमित्रा देवी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष वर्मा, डाइट इक्कस की प्रिंसीपल विजय लक्ष्मी, खंड शिक्षा अधिकारी पुष्पा मोर, खंड संसाधन संयोजक रणपाल श्योकंद, बडनपुर गांव के सरपंच गगनदीप तथा एजुकेशन प्रमोटर कमेटी बड़नपुर ने प्रधानाचार्य संजय चौधरी एवं समस्त शिक्षकगणों को बधाई दी।

## एस.डी.कन्या महाविद्यालय नरवाना की छात्राओं ने बारहवीं के परीक्षा परिणाम में लहराया परचम, 186 छात्राओं ने प्राप्त की मैरिट



**कॉमर्स में दिशा ने 492 अंक लेकर मारी बाजी**

**शानदार परीक्षा परिणाम पर छात्राओं ने शहर में निकाला रोड़ शो**

अटल हिंद संवाददाता

नरवाना, 1 मई। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित किए गए 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में एस.डी.कन्या महाविद्यालय नरवाना की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए परचम लहराया। इस वर्ष एस.डी.कन्या महाविद्यालय में कुल 203 छात्राओं ने 12वीं की परीक्षा में भाग लिया था जिनमें से 186 छात्राओं ने मैरिट हासिल कर महाविद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। बुधवार को महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाली छात्राओं को प्रबंधक समिति द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शानदार परीक्षा परिणाम आने की खुशी में छात्राएं ढोल की थाप पर जमकर थिरकी। छात्राओं ने शहर में ढोल नगाड़ों के साथ रोड़ शो भी निकाला। महाविद्यालय की कार्यवाहक प्रिंसीपल नीलम गोयल ने बताया कि महाविद्यालय का बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि कॉमर्स संकाय में कुल 42 छात्राओं ने परीक्षा दी थी जिनमें से 41 छात्राओं ने मैरिट हासिल की जबकि एक छात्रा ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। कॉमर्स संकाय की छात्रा दिशा सुपुत्री प्रवीण कुमार ने 500 में से 492 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि रिद्धि सुपुत्री वीरेंद्र ने 500 में से 490 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा महक सुपुत्री सुशील ने 500 में से 485 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यवाहक प्रिंसीपल ने बताया कि आटर्स संकाय में कुल 88 छात्राओं ने परीक्षा दी थी जिन में से 80 छात्राओं ने मैरिट प्राप्त की जबकि 8 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की। उन्होंने बताया कि आटर्स संकाय में रितिका सुपुत्री जगदीश ने 500 में से 476 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, प्रीति सुपुत्री उमेश दास ने 474 अंक प्राप्त द्वितीय स्थान तथा कोमल एवं साक्षी ने 472 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## एक नजर

### ताश की मार्फत जुआ खेल रहे 4 आरोपी थाना कलायत पुलिस द्वारा काबू

**10 हजार 600 रुपए नकदी तथा 52 पत्ते ताश बरामद**

**अटल हिंद संवाददाता/कैथल, 01 मई।** असामाजिक तत्वों की धरपकड़ के लिए एसपी उपासना के आदेशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत थाना कलायत पुलिस टीम द्वारा ताश से जुआ खेल रहे 4 आरोपियों को काबू कर लिया गया। जिनके कब्जे से 10 हजार 600 रुपए नकदी व 52 पत्ते ताश बरामद हुई। सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ईआरवी 718 ईचार्ज एसआई धर्मवीर सिंह की टीम को दोपहर गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिली कि मटौर निवासी अनुप के मकान के कमरा में कुछ व्यक्ति ताश की मार्फत जुआ खेल रहे है। जिनको दबिश देकर काबू किया जा सकता है। सूचना उपरांत थाना कलायत पुलिस के एचसी लखविंद्र सिंह की टीम द्वारा रेडिंग पार्टी का गठन करके नियमानुसार कार्रवाई तहत उक्त मकान के कमरा पर दबिश दी गई, जो पुलिस द्वारा वहां ताश पत्तों की मार्फत जुआ खेल रहे आरोपी मटौर निवासी औमप्रकाश, सतीश कुमार, अमरजीत व अनुप को काबू कर लिया गया। जांच दौरान आरोपियों के कब्जे से 10 हजार 600 रुपए तथा 52 पत्ते ताश बरामद हुई। सभी आरोपियों के खिलाफ थाना कलायत में मामला दर्ज करके पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### अलग अलग 2 मामलों में 21396 बोतल अग्रेंजी व 12 बोतल हथकड़ी शराब सहित 3 आरोपी काबू

**अटल हिंद संवाददाता/कैथल, 01 मई।** अवैध शराब तस्करों के खिलाफ शिकंजा कसते हुए अलग अलग 2 मामलों 21396 बोतल अग्रेंजी व 12 बोतल हथकड़ी शराब सहित 3 आरोपी काबू कर लिए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना सीवन पुलिस के एचसी नायब सिंह की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना उपरांत डेरा राय सिख कागंथली के मकान पर दबिश देकर संदिग्ध डेरा राय सिख कागंथली निवासी अमरीक सिंह को काबु कर लिया गया। जांच दौरान आरोपी के कब्जे से 12 बोतल हथकड़ी शराब बरामद हुई। दूसरे मामले में आबकारी विभाग कैथल के निरीक्षक अनिल कुमार की टीम द्वारा निर्धारित रुट से अलग जा रही 2 गाड़ियों को चंदलाना के पास एनएच 152 डी से काबू कर लिया गया। जो दोनो गाड़ियों से 1783 पेटियों से 21396 बोतल अग्रेंजी शराब बरामद हुई। थाना ढांड में मामला दर्ज करके थाना ढांड पुलिस के एएसआई जोगिंद्र सिंह द्वारा शराब गाड़ी ड्राईवर आरोपी पटियाला निवासी अमित कुमार तथा हरविंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### सरकारी स्कूल से गैस सिलैंडर चोरी मामले में चौकी हरनौली पुलिस द्वारा 2 आरोपी काबू, 2 सिलैंडर बरामद

**अटल हिंद संवाददाता/कैथल, 01 मई।** सरकारी स्कूल गगड़पुर से 2 गैस सिलैंडर चोरी के मामले की जांच चौकी हरनौली पुलिस के एचसी सुनील कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गगड़पुर निवासी अंग्रेज राम व बलजिंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया। सरकारी स्कूल गगड़पुर के प्रिंसीपल की शिकायत अनुसार 24 फरवरी की रात स्कूल की मैस से अज्ञात व्यक्ति 2 गैस सिलैंडर चुरा ले गए। जिस बारे थाना चीका में मामला दर्ज है। आरोपियों के कब्जे से 2 चोरीशुदा सिलैंडर बरामद कर लिए गए। पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### शिक्षा बोर्ड को प्रशस्ति पत्र भेज कर शिक्षा मंत्री ने की सराहना

**अटल हिंद संवाददाता/भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई गई सीनियर सैकेण्डरी शैक्षिक व मुक्त विद्यालय की वार्षिक परीक्षा-2024 का परिणाम 27 दिनों के रिकार्ड समय में घोषित करने पर शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डाक्टर वी.पी.यादव को प्रशस्ति पत्र जारी कर सराहना की। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सीनियर सैकेण्डरी शैक्षिक व मुक्त विद्यालय का परीक्षा परिणाम रिकार्ड समय में घोषित करके हरियाणा के छात्रों के भविष्य के दृष्टिगत लिए गए सराहनीय कदम के लिए शिक्षा बोर्ड धन्यवाद का पात्र है। उन्होंने कहा कि आशा है भविष्य में भी आप ऐसे ही सार्थक कदम उठाते हुए छात्रों के भविष्य निर्माण की ओर उन्नति पथ पर अग्रसर रहेंगे। इसके लिए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष व उनके अधिकारी/कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। बोर्ड अध्यक्ष यादव ने शिक्षा मंत्री का बोर्ड परिवार की तरफ से हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी उम्मीदों पर खरा उतरने का आश्चासन दिया और कहा कि आपके नेतृत्व में हम विश्वास करते हैं कि हमारे शिक्षा क्षेत्र को नई ऊंचाईयों पर ले जाया जाएगा।

### अपहरण करके मारपीट करने व जबरन रुपए ट्रांसफर करवाने के मामले में आरोपी काबू

**अटल हिंद संवाददाता/कैथल, 01 मई।** अपहरण करके मारपीट करने व जबरन रुपए ट्रांसफर करवाने के मामले की जांच थाना सिविल लाइन पुलिस के एसआई कर्मबीर सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी प्योदा रोड़ कैथल निवासी जसबीर सिंह को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव फ्रांसवाला निवासी सोमबीर की शिकायत अनुसार उसका जसबीर उपरोक्त के साथ पैसे का लेनदेन था। 27 अप्रैल को दोपहर के समय आरोपी जसबीर, उसका भाई विक्की, जसबीर का एक पड़ोसी और दो अन्य व्यक्तियों ने उसे उसके रुपये देने के बहाने कैथल बस स्टैंड पर बुला लिया।

# आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित रखना है तो सभी बीजेपी को वोट दें- मुख्यमंत्री सैनी

**अंबाला लोकसभा प्रत्याशी बंतो कटारिया की नामांकन सभा में मुख्यमंत्री नायब सैनी और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी पहुंचे।**

**घमंडिया गठबंधन विश्वास के लायक नहीं- मुख्यमंत्री**

अटल हिंद/पूर्ण सिंह



अंबाला। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि सुरक्षित भारत और विकसित के लिए तीसरी बार भी मोदी जी को ही प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट करें। अंबाला से बीजेपी की लोकसभा प्रत्याशी बंतो कटारिया की नामांकन सभा में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस को भी आड़े हाथों लिया। कहा कि घमंडिया गठबंधन विश्वास के लायक नहीं है। कांग्रेस और उसके सहयोगी गठबंधन झूठे वादे कर लोगों को बरगलाते हैं। इनके झूठे वादे से देश का विकास नहीं हो सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज दस वर्षों में हमारी सरकार की वजह से अंबाला लगातार विकास कर रहा है। दस वर्षों में अंबाला में काफी विकास कार्य हुए है। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि आप सभी बीजेपी की लोकसभा प्रत्याशी बंतो कटारिया को 5 लाख के वोटों से जीता कर भेजें। हमें पूरे हरियाणा में बीजेपी के कमल को खिलाना है। इसके लिए प्रत्येक घर में जाकर बीजेपी को वोट देने के लिए उत्साहित करना होगा। इस बार बीजेपी को चार सौ सीटों पर विजय दिलानी है। इसमें हरियाणा अपनी अहम भूमिका निभायेगा। उन्होंने कहा कि आज मोदी जी की वजह से हरियाणा भी विकसित होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी को जीता कर हमें विकसित भारत और विकसित हरियाणा का निर्माण करना है। आज सारे देश में मोदी लहर है।

### कांग्रेस और भाजपा सरकारों के कार्यो का आकलन कर मतदान करें : शेखावत

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि जब हम लोग मतदान की बात करते हैं, तो हमें कांग्रेस और भाजपा सरकार के कार्यों की तुलना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी की सत्ता आने से पहले देश में दो तरह की खबरें सुर्खियों में रहती थी। एक तो घोटाले की और दूसरी आतंकवाद की। कांग्रेस शासन में देश में लाखों करोड़ों रुपए के अनेक घोटाले हुए और देश दुनिया के सबसे पांच कमजोर अर्थव्यवस्था वाले देशों में शामिल हो गया। बेशक देश आर्थिक तौर 11 वें स्थान था, लेकिन देश के हालात यह थे कि हमें कच्चा तेल लेने के लिए कुछ न कुछ गिरवी रखना पड़ता था। सीमा पर पाकिस्तान और चीन हर रोज भारत के अंदर घुसकर समस्याएं पैदा कर रहे थे। जब गरीबों के लिए कुछ दिया जाता था तो बिचौलिए हड़प जाते थे। लेकिन नरेंद्र मोदी की सरकार ने सत्ता में आने के बाद योजनाबद्ध ढंग से गरीबों के लिए नीतियां बनाई और उन्हें लागू किया,जिनका परिणाम यह निकला कि देश के 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर आ गए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह चुनाव उस सरकार को समर्थन देने का है जिसने देश की समस्याओं का स्थाई समाधान करने का काम किया है। धारा 370 के कारण कश्मीर में हर रोज लोग मर रहे थे कश्मीर में 48000 लोग शहीद हुए, लेकिन धारा 370 खत्म होने के बाद वहां पर शांति कायम हुई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सनातन धर्म पर शुरू से हमले होते रहे हैं, वह चाहे मुगलों ने किए हों या अंग्रेजों ने, लेकिन भाजपा ने हर उस काम को किया है जिससे सनातन धर्म मजबूत हुआ है।

### कांग्रेस के घोषणा पत्र से कांग्रेस के सहयोगी ही सहमत नहीं:अनिल विज



प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री एवं भाजपा विधायक अनिल विज ने कहा कि कांग्रेस का ना कोई नेता है और ना ही उसकी कोई नीति है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नियत के बारे में पूरा देश जानता है कि जब-जब कांग्रेस का मौका मिला उसने देश को लूटने का काम किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र पर उसके घटक दलों ने ही हस्ताक्षर नहीं किए,क्योंकि वह इससे सहमत नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने चुनाव घोषणा पत्र को अपने दम पर लागू नहीं करवा सकती, क्योंकि चुनाव घोषणा पत्र लागू करवाने के लिए संसद में आधे से ज्यादा सांसदों का समर्थन चाहिए और कांग्रेस जब इतनी सीटों पर चुनाव ही नहीं लड़ रही है तो वह जीतेगी कैसे?

### बंतो कटारिया ने मांगा लोगों का समर्थन

लोकसभा उम्मीदवार बंतो कटारिया ने लोगों से समर्थन मांगते हुए कहा कि भाजपा ने देश के हित में काम किया है और आगे भी देश हित में काम करने के लिए वे लोगों का समर्थन मांग रही हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से लोगों का समर्थन पार्टी को मिल रहा है,उसे साफ है कि 4 जून को 400 से ज्यादा सीटों के साथ भाजपा सरकार बनाने जा रही है।

इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, हरियाणा के मंत्री कंवरपाल गुर्जर, असीम गोयल, लतिका शर्मा, संतोष चौहान सारवान, राजीव डिंपल, मनदीप राणा, बलवंत सिंह साढौरा, राजवीर सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष राजेश लाडी, यमुनानगर के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, सतप्रकाश बिंजलपुर, बाबर खान बराडा मुख्य रूप से मौजूद थे।

## नाटिका के माध्यम से मजदूरों के जीवन पर प्रकाश डाला




अटल हिंद संवाददाता

अम्बाला। आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल नाहरा मे मजदूर दिवस मनाया गया। कक्षा 9वी और दसवीं की छात्राओं ने नाटिका के माध्यम से मजदूरों के जीवन पर प्रकाश डाला। नाटिका के माध्यम से छात्राओं ने यह संदेश दिया कि मजदूरों का भी सम्मान हमें करना चाहिए और उनके संघर्ष में जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। कक्षा 12वीं की छात्रा तमन्ना ने भाषण के माध्यम से बताया कि इस दिन श्रमिकों के संघर्षों को याद किया जाता है और उनके काम की सराहना की जाती है । स्कूल के प्रधानाचार्य राजेश गोहरी ने बताया कि इस दिन को मनाने के पीछे का एक उद्देश्य मजदूरों के अधिकारों की रक्षा करना और उनके प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर सभी छात्र अध्यापक गण उपस्थित रहे।

## शिक्षा भारती स्कूल की छात्रा काफी गोयत ने मेडिकल में जिले में किया प्रथम स्थान प्राप्त

अटल हिंद/तरसेम सिंह



कलायत। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा में शिक्षा भारती विद्या निकेतन कलायत के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय के प्रबंधक निदेशक जितेंद्र सिंह ने बताया कि बारहवीं कक्षा कुल 99 छात्रों ने परीक्षा दी, जिनमें से 34 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में और 45 विद्यार्थियों ने अपना नाम प्रथम श्रेणी में दर्ज करवाया। विज्ञान संकाय (मेडिकल) मे काफी गोयत सुपुत्री वकील चंद ने 12वीं की परीक्षा में 480/500 अंक प्राप्त करके जिले भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। काफी गोयत ने गृह विज्ञान में 97 अंक , भौतिक विज्ञान में 98 अंक, रसायन विज्ञान में 98 अंक, जीव विज्ञान में 96 अंक व गणित में 92 अंक प्राप्त किए। वहीं विज्ञान संकाय मे 12वीं की छात्रा अन्नु सहारण सुपुत्री नरेश कुमार ने 467/500 अंक प्राप्त करके कलायत ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया । अन्नु ने भौतिक विज्ञान में 94, रसायन विज्ञान में 93, व गणित में 95 अंक प्राप्त किए। कला संकाय की छात्रा शबनम ने 467/500 अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करके अपने माता-पिता का नाम रोशन किया । शबनम ने भूगोल में 95, संगीत में 96, व हिंदी में 93 अंक प्राप्त किए । विद्यालय के चेयरमैन कुलदीप सिंह ने विद्यालय पहुंचने पर काफी गोयत अनू व उनके अभिभावकों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह बच्चों के परिश्रम, अध्यापकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के त्याग का सामूहिक परिणाम है।विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीकांत आर्यन ने कहा कि विद्यालय का शानदार परीक्षा परिणाम अध्यापकों की अथक मेहनत व बच्चों का पढ़ाई के प्रति समर्पण का नतीजा है । इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य अमरदीप भारद्वाज, अधिवक्ता अमनदीप बिढान , वर्षा गिरीधर, भीम सिंह, ललित शर्मा सुखबीर सजुमा, मुकेश रानी,मंजू खुराना,मनीषा वर्मा,मंदीप,परविंदर,अंकित,परमजीत,महावीर सिंह आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

## शिक्षा भारती मॉडल स्कूल उझाना में धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस

अटल हिंद संवाददाता




नरवाना, 1 मई। शिक्षा भारती मॉडल स्कू ल उझाना में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस धूमधाम और सौहार्दपूर्ण भाव से मनाया गया। सभी बच्चों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। टेरेसा सदन ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की और अध्यापिका वंदना और अध्यापक जेनेंद्र ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना सभा से की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन शर्मा, डायरैक्टर वीरेंद्र बिढान व चेयरमैन प्रवीण कुमार ने सरस्वती मां की वंदना करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में नर्सरी से सैकेंड क्लास के बच्चों में रैंप वॉक, तीसरी से पांचवीं कक्षा में कविता गायन तथा छठी से बारहवीं कक्षा के छात्रों की निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने गीत, कविता गान, और लघु नाटिका के माध्यम से मजदूरों के हक और उनके समर्पित भाव को प्रदर्शित किया जिसमें सभी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मजदूर दिवस को उत्साह के साथ मनाया। नर्सरी से सैकेंड क्लास के बच्चे रैंप वॉक में मजदूर वर्गों के अलग-अलग परिधान में आए और उन्होंने अपना परिचय देकर मजदूरों का महत्व बढ़ाया।

कविता गान प्रतियोगिता सदन अनुसार हुई जिसमें रमन सदन ने बाजी मारी। टेरेसा सदन द्वितीय स्थान पर रहा।

## निर्मल स्कूल की छात्रा महक सिंगला कलायत मे प्रथम

**स्कूल के 16 विद्यार्थियों ने हासिल किए 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक**

अटल हिंद/तरसेम सिंह




कलायत। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणामों में निर्मल स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है।

जानकारी देते हुए स्कूल प्रधानाचार्य अरुण कुमार ने बताया कि 12वीं कक्षा में निर्मल स्कूल के 84 विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा दी गई थी जिसमें 64 विद्यार्थियों ने मेरिट में व 20 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में अपनी जगह बनाई। उन्होंने बताया कि स्कूल की छात्रा महक सिंगला पुत्री अनिल सिंगला ने वाणिज्य संकाय मे 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कलायत मे पहला स्थान प्राप्त किया है । उन्होंने कहा कि अभिभावकों का साथ, अध?यापकों की मेहनत व बच्चों की लगन की वजह से ही आज सभी विद्यार्थियों ने बोर्ड की परीक्षा में इतने अच्छे अंक प्राप्त किए है। विद्यार्थियों के बेहतर प्रदर्शन पर स्कूल प्रबंधन द्वारा टॉपर्स बच्चों व उनके अभिभावकों को बधाई दी। इस मौके पर स्कूल डायरेक्टर अंकुर निर्मल, अमित मोर, गिरीश सिंगला, अशोक राणा,असीम शर्मा, रमना शर्मा आदि अध्यापक मौजूद रहे।

## भीषण गर्मी के मौसम में पेयजल समस्या से जूझ रहे गांव खेड़ी लांबा के ग्रामीण

**3 दिन से नहीं हो रही घरों में पानी की सप्लाई,**

**ग्रामीणों ने जन स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ किया और रोष प्रकट**

अटल हिंद/तरसेम सिंह



कलायत। भीषण गर्मी के मौसम में गांव खेड़ी लांबा में पिछले तीन दिनों से घरों में पीने का पानी सप्लाई नहीं हो रहा है। जिस कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को ग्रामीणों ने जन स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों के खिलाफ रोष प्रकट करते ग्रामीण रामपाल, जसदेव, ईश्वर, काला राम , रामकुमार, कृष्णा, रोहतास आदि ने बताया कि क्षेत्र में नीचे का पानी खारा होने के कारण पूरा गांव की पेयजल पेयजल सप्लाई पर निर्भर है। लेकिन पिछले तीन दिनों से गांव में पेयजल सप्लाई नहीं हो पा रही है जिसके कारण भीषण गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने बताया कि बोर के अलावा गांव में नहरी पानी सप्लाई की भी व्यवस्था है। लेकिन उसकी भी 6 महीने से सप्लाई नहीं हो रही है। समस्या को लेकर वे कई बार संबंधित विभाग अधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं। लेकिन अभी तक समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीण जसदेव ने बताया कि तीन दिन पहले गांव में स्थित पेयजल सप्लाई बूस्टर की बिजली केबल चोरी की गई थी। तब से ही गांव में पेयजल सप्लाई ठप्प पड़ी है।




### चोर ने काट दी थी बूस्टिंग स्टेशन में बिजली की केबल : जेई

जन स्वास्थ्य विभाग गई कमल ने बताया कि सोमवार की रात्रि चोरों द्वारा गांव खेड़ी लांबा स्थित बूस्टिंग स्टेशन में से बिजली की केबल काट दी गई थी। जिस कारण पेयजल सप्लाई बाधित हुई है। ग्रामीणों को पेयजल बारे कोई समस्या ना हो इसके लिए कलायत में मौजूद ट्यूबवेल से पानी की सप्लाई दी जा रही है। बृहस्पतिवार तक पेयजल सप्लाई सुचारु हो जाएगी। थाना प्रभारी रामनिवास ने बताया कि गांव खेड़ी लांबा स्थित वॉटर बूस्टिंग स्टेशन से केबल चोरी होने बारे अभी तक उन्हें कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

## ट्रैक्टर चोरी करने का आरोपी चोरी के ट्रैक्टर सहित काबू

अटल हिंद/सुरेश अरोड़ा



बाबैन, 1 मई। बाबैन पुलिस ने गांव बढ़तौली से ट्रैक्टर चोरी करने के आरोपी मखन सिंह निवासी इस्माइलपुर को काबू कर उसकी शिनाख्त पर चोरी किया गया ट्रैक्टर बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस को दर्ज कराई शिकायत में बढ़तौली निवासी शमशेर सिंह ने आरोप लगाया था कि मखन सिंह जो उनके पास खेती बाड़ी का कार्य करने के लिए नौकर लगा हुआ था 19 अप्रैल को दोपहर में बिना बताए उनके घर से उनका सोनालिका ट्रैक्टर लेकर कहीं चला गया है। जब वह घर वापिस नहीं लौटा तो उन्हें चिंता हो गई और उन्होंने कई स्थानों पर ट्रैक्टर की तलाश की लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। बाबैन पुलिस ने शमशेर सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज करके जांच का जिम्मा मुख्य सिपाही रविन्द्र सिंह को सौंप दिया। मुख्य सिपाही रविन्द्र सिंह ने जांच को आगे बढ़ाते हुए अपने सूत्रों के आधार पर मखन सिंह को फरीदाबाद जिले के गांव इस्माइलपुर से काबू करके और जब उसे रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ की तो मखन सिंह ने ट्रैक्टर चोरी की बात कबूल कर ली। मखन सिंह ने बताया कि वह ट्रैक्टर को राजस्थान के जिला हनुमानगढ के गाँव चाऊ वाली ले गया था। पुलिस ने मखन सिंह की शिनाख्त पर हनुमानगढ के गाँव चाऊ वाली से ट्रैक्टर को बरामद कर लिया। मामले की जांच जारी है और आरोपी को माननीय न्यायालय ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# बात्ता के खेतों में आग लगने से किसान के दस एकड़ में खड़े गेहूं के फाने जलकर राख

अटल हिंद/तरसेम सिंह





कलायत। राष्ट्रीय राजमार्ग 152 पर गांव बात्ता के नजदीक खेतों में आग लगने से दस एकड़ में खड़े गेहूं के फाने व अवशेष जलकर राख हो गए। पीड़ित किसान सुरेंद्र ने बताया कि दोपहर करीब 1 बजे उन्हे फोन पर सूचना मिली कि उनके खेतों में गेहूं के अवशेषों में आग लग गई है। मौके पर मौजूद किसानों की सहायता से उनके द्वारा अपने स्तर पर ट्रैक्टर व पेड़ों की टहनियों के साथ आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन तेज हवाओं के चलते आग पर काबू नहीं पाया जा सका। तब इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर पहुंची दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक आग लगने से उनके दस एकड़ में खड़े गेहूं के फाने व अवशेष जलकर राख हो चुके थे। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।किसान सुरेंद्र ने बताया गेहूं के अवशेष जलने के कारण अब उनके यहां पशु चारे का संकट उत्पन्न हो गया है उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से सहायता की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी रामनिवास ने बताया कि खेतो आग लगने का पता चलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# ये चुनाव देश के संविधान और प्रजातंत्र को बचाने का चुनाव है : मेवा सिंह

अटल हिंद/सुरेश अरोड़ा



बाबैन,1 मई। बाबैन में आज इंडिया गठबंधन के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर चुनावी कार्यालय में हवन यज्ञ करवाया गया। इस मौके पर लाडवा हल्का विधायक मेवा सिंह व इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुशील गुप्ता के सुपुत्र भारत गुप्ता ने हवन यज्ञ में आहुती डाली। इस मौके पर लाडवा विधायक मेवा सिंह ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आप ने पहले भी वोट दी, सरकारे बनाई भी और बदली भी। लेकिन इस बार का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है और ये चुनाव देश के संविधान और प्रजातंत्र को बचाने का चुनाव है क्योंकि आज की मौजूदा सरकार का प्रजातंत्र में कोई विश्वास नहीं है। आज की सरकार के खिलाफ कोई बोलता है तो उसको ईडी और सीबीआई के माध्यम से जेल में डाल देते हैं और यदि कोई उनका विरोध करता है तो उन पर लाठियां बरसाई जाती है। भाजपा की तानाशाह सरकार किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े रही है और किसानों पर गोलियां चला रही है। पीएम मोदी ने किसानों से एमएसपी का वादा किया था और बाद में पलट गए। पूरी दुनिया ने देखा कि किसान सवा साल बॉर्डर पर बैठे, जहां 750 से ज्यादा किसानों ने शहादत दी। तब पीएम मोदी ने माफी मांग कर वो कृषि कानून वापस लिए थे। अब वो वादा याद दिलाने के लिए किसान दिल्ली जाना चाहते है तो हरियाणा सरकार किसानों को रोक रही है। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुशील गुप्ता के सुपुत्र भारत गुप्ता ने कहा कि इस चुनाव में हमारा मुख्य उद्देश्य यह है कि इस देश के लोगों को भय मुक्त सरकार, अपराध मुक्त वातावरण मिले और बाबा साहेब ने जो संविधान लिखा की सभी को अच्छी शिक्षा व सभी को बराबर का हक मिले ऐसी व्यवस्था को लागू करें।

## एक नजर

### टीआईटी स्कूल की छात्रा दिशा ने 96.8 प्रतिशत नंबर लेकर रचा इतिहास

**अटल हिंद संवाददाता/भिवानी।** प्रदेश का दस जमा दो परीक्षा का परिणाम 85 प्रतिशत रहा, टीआईटी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का रिजल्ट 96 प्रतिशत रहा। इस विद्यालय के 183 बच्चों ने दा जमा दो की परीक्षा अलग-अलग संकाय में दी थी, जिनमें से 63 बच्चों ने बच्चों ने मेरिट हासिल की और 83 बच्चों ने फर्स्ट डिवीजन प्राप्त की। इस बारे में विद्यालय प्राचार्य डॉक्टर डीपी कौशिक ने कहा की विद्यालय का रिजल्ट सराहनीय रहा है क्योंकि इस विद्यालय की वाणिज्य संकाय की लड़की दिशा ने 96.8 प्रतिशत नंबर हासिल करके पूरे जिले में अपना अपने माता-पिता और विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि उनका हमेशा यह प्रयास रहता है कि विद्यालय को उच्चतम शिक्षा प्रदान की जाए, जिसके तहत वर्ष के प्रारंभ में ही एक रणनीति बनाकर और रणनीति के तहत विद्यालय के बच्चों का पाठ्यक्रम नवंबर दिसंबर में पूरा करके पूरा ध्यान उनके रिवीजन पर लगाया जाता है। विद्यालय का परीक्षा का परिणाम 96 प्रतिशत रहा, जो कि पूरे जिले में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से संबंधित विद्यालयों में सबसे अच्छा रहा है।

### भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से तीसरे दिन दो उम्मीदवारों ने भरा नामांकन पत्र

**अटल हिंद संवाददाता/भिवानी।** भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए नामांकन के तीसरे दिन आज बुधवार को दो उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन आगामी 6 मई तक दाखिल किया जा सकता है। आवेदन पत्र कमरा नंबर 114 प्रथम तल लघु सचिवालय नारनौल में जमा किए जा सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता द्वारा उपलब्ध करवाई गई जानकारी के बारे में बताया कि लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए अब तक कुल तीन नामांकन दाखिल हो चुके हैं। बुधवार को तीसरे दिन वेदप्रकाश और योगबीर सिंह ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने बताया कि नामांकन दाखिल करते ही एनआइसी की टीम सारे कागजात को एनकोर साफ्टवेयर के माध्यम से अपलोड कर रही है। कोई भी नागरिक नियूअर कैंडिडेट एप डाउनलोड करके अपने उम्मीदवार के बारे में सारी जानकारी देख सकता है।

### अनुपम शिक्षा निकेतन का कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत।

**अटल हिंद संवाददाता/कुरुक्षेत्र 01 मई।** कुरुक्षेत्र पटेल नगर स्थित अनुपम शिक्षा निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। छात्रा शीतल ने 84त्न अंक प्राप्त किए व आर्ट्स की निशु ने 80% मार्क्स प्राप्त किए। लोक प्रशासन विषय में शीतल ने 94 अंक और निशु 96 अंक प्राप्त किए और वही आर्ट्स में अभय ने 79% और हेमंत ने 70% अंक प्राप्त किए। योगिता शर्मा ने 76% अंक व गृह विज्ञान विषय में 91 अंक प्राप्त किए। विद्यालय प्राचार्या ऊर्णिमा शर्मा ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मेधावी छात्रों को मिठाई खिलाते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभ कामना दी। इस अवसर पर छात्रों ने सभी अध्यापकों को बधाई व धन्यवाद किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक आशुतोष, नीना कमरा, नीलम रानी, स्मृति, आंचल, पायल शर्मा व वीरेंद्र प्रभाकर आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्र की एकता अखंडता एवं राम राज्य की स्थापना के लिए एक कुंडीय यज्ञ का आयोजन : आचार्य माई जी महाराज

**अटल हिंद संवाददाता/भिवानी, 01 मई।** 36 दिवसीय मां बगलामुखी तंत्रोक्त महायज्ञ यहां देवसर मोड़ स्थित अखंड भारत माता मंदिर में भारत माता सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आचार्य माई जी महाराज के सानिध्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य इंद्रेश जी के नेतृत्व में किया जा रहा है। बुधवार को यज्ञ के पांचवें दिन प्रोफेसर संजीव कुमार एवं प्रोफेसर ललिता यजमान के तौर पर शामिल हुए ।इस अवसर पर आचार्य हर्ष भट्ट, छोटू मिश्रा, पवन पंडित ने मंत्र उच्चारण के साथ महायज्ञ में यजमान जान से आहुति करवाई। इस अवसर पर अमेरिका से डॉक्टर ज्वाला जी आयुर्वेद चिकित्सा ,राजू ,संदीप, ब्रह्मचारी प्रकाश स्वरूप मोनी बाबा ऋषिकेश वाले मौजूद थे इस अवसर पर आचार्य माई जी महाराज जी महाराज ने अपने संदेश में कहा कि महायज्ञ की परिक्रमा करने से यज्ञ का पूरा फल प्राप्त होता है।

# सैनी, से.सैं. स्कूल बाबैन के बच्चों ने दस जमा दो के परिणामों में ब्लॉक में बाजी मारी

अटल हिंद/सुरेश अरोड़ा




बाबैन, 1 मई। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दस जमा दो कक्षा के वार्षिक परिणामों में सैनी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाबैन के छात्र एवं छात्राओं ने बाजी मारी हैं। दस जमा दो कक्षा में बच्चों के शानदार परिणाम आने से बुधवार को स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यालय के चेयरमैन रणवीर सिंह ढींढसा व प्रिंसिपल रीटा ढींढसा ने सभी होनहार बच्चों को सम्मानित किया। चेयरमैन रणवीर सिंह ढींढसा ने पत्रकारों को बताया कि उनके विद्यालय के दस जमा दो कक्षा में कुल 126 बच्चों ने भाग लिया था जिनमें से 60 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त मेरिट में स्थान पाया है। विद्यालय के 66 बच्चों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की है। उन्होंने बताया कि नॉन मेडिकल में अजय कुमार ने 430 व तनवर ने 429 अंक प्राप्त किये। उन्होंने बताया कि मेडिकल में हिमांशी ने 453, व पेहू ने 444 अंक प्राप्त कर परीक्षा पास की।

उन्होंने बताया कि कॉमर्स में पलक ने 467 व कनक ने 455 अंक प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि आर्ट्स में विधि शर्मा ने 453, रोमा ने 451 व ज्योति बाला ने 443 अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है।

# टाटकी में जय भगवान के घर लगी आग को लेकर परिवार का हाल-चाल जानने पहुंचे समाजसेवी संदीप गर्ग

## घर में रखा जो सामान जल गया है उसे जल्द पूरा करवाया जाएगा : संदीप गर्ग

अटल हिंद/सुरेश अरोड़ा



बाबैन, 1 मई। गांव टाटकी में जय भगवान के घर में तीन दिन पहले अचानक आग लग गई थी। जिसके कारण उसके घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। मकान मालिक जय भगवान ने बताया कि आग लगने के कारण का अभी तक कोई अता-पता नहीं लगा और न ही कोई राजनीतिक व्यक्ति व प्रशासनिक अधिकारी उनकी सुध लेने के लिए आया। स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन संदीप गर्ग बुधवार को उनके निवास पर उनका हाल जानने के लिए पहुंचे और आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी की दो महीने बाद शादी है, जिसका सामान भी परिवार के सदस्यों द्वारा जोड़ा गया था, वह भी सारा जल गया है कुछ भी नहीं बचा है। वॉशिंग मशीन, बैड, कंबल, कपड़े, कमरे सब कुछ जलकर राख हो गया है। वहीं मौके पर पहुंचे समाजसेवी संदीप गर्ग ने जय भगवान को आश्वासन देते हुए कहा कि उसके घर का जो भी सामान जला है वह सभी पूरा करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि उसे चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

जिस प्रकार से उन्होंने अपनी बेटी की शादी धूमधाम से करने की सोची थी उसी प्रकार से धूमधाम से की जाएगी और जो सामान जल गया है उसे भी पूरा करवाया जाएगा।

# महिला ने ठेकेदार व उसके साथियों पर धोखाघड़ी से प्लाट बेचने का लगाया आरोप

अटल हिंद संवाददाता

भिवानी। राजीव कालोनी निवासी महिला ने एक ठेकेदार समेत चार लोगों पर धोखाधड़ी से उसे प्लाट बेचने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक एवं सीएम विंडो पर शिकायत भेजकर आरोपी शारदा, सुभाष, संजय कुमार व ठेकेदार जगदीश के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। यहां राजीव कालोनी निवासी शकुंतला पत्नी श्यामलाल ने आरोप लगाया कि जगदीश ठेकेदार ने उसे क्राउन प्लाजा पुराना बस स्टैंड के पास 50 वर्ग गज की जगह दिखाई। जिसका एमसी यूनिट नम्बर एस/213-ए है। इस प्लाट की उत्तर दिशा में गली व मार्केट होनी बताई गई। शिकायतकर्ता के अनुसार जगदीश ठेकेदार ने उन्हें शारदा व सुभाष से मिलवाया तथा 20 हजार रुपये वर्ग गज के हिसाब से 50 वर्ग गज जमीन का 10 लाख रुपये में सौदा निश्चित करवा दिया। इस सम्बंध में एक इकरारनामा दिनांक 24.01.2024 तैयार करवाया गया तथा 2 लाख रुपये उसने गवाहों के सामने दिए। 24 अप्रैल को रजिस्ट्री होनी निश्चित हुई। लेकिन आरोपियों ने पैसे की जरूरत बताते हुए उससे डेढ लाख रुपये और ले लिए। जोकि उसने अपने बैंक खाते से शारदा देवी के बैंक खाते में ट्रांसफर किए। जब 24 अप्रैल को उसने रजिस्ट्री के लिए आरोपियों को कहा तो उन्होंने मना कर दिया तथा रजिस्ट्री करवाने के लिए तहसील कार्यालय में नहीं पहुंचे।

# तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के सपने को साकार करेंगे देशवासी : मनोहर लाल

## लोकसभा उम्मीदवार रणजीत सिंह ने किया नामांकन, बोले-दिल में हर समय केवल हिसार

अटल हिंद संवाददाता




हिसार। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी न केवल हरियाणा बल्कि पूरे देश में मजबूत स्थिति में है। भाजपा गठबंधन 400 से अधिक सीटें लेकर सरकार बनाएगा और देशवासी तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के सपने को साकार करेंगे।

मनोहर लाल बुधवार को यहां के लघु सचिवालय में भाजपा उम्मीदवार रणजीत चौटाला के नामांकन से पूर्व पत्रकारों से बातचीत में कही। इस अवसर पर प्रत्याशी रणजीत चौटाला, हरियाणा लोकसभा प्रभारी सतीश पूनिया, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल, लोकसभा प्रभारी अमरपाल राणा, सांसद सुमेधानंद सरस्वती, प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया व वरिष्ठ नेता रामबिलास शर्मा सहित अन्य नेता भी मौजूद रहे। मनोहर लाल ने कहा कि जहां तक हरियाणा की बात है, यहां न तो कांग्रेस का वजूद है और न ही अन्य दलों का। कांग्रेस यहां पर इंडिया गठबंधन के नाम से चुनाव लड़ रही है लेकिन इनके प्रत्याशी हर जगह बुरी तरह से चुनाव हारेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का 60 साल का शासन भी देश की जनता ने देखा है और नरेन्द्र मोदी का 10 साल का शासन जनता देख रही है और फर्क साफ है कि जो काम कांग्रेस इतने वर्षों में नहीं कर पाई, वो काम मोदी सरकार ने 10 वर्षों में कर दिखाए। उन्होंने जनता से अपील की कि देश के सुनहरे भविष्य के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करें।

इससे पहले सुशीला भवन स्थित चुनाव कार्यालय में हिसार लोकसभा क्षेत्र से आए समर्थकों व पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते लोकसभा उम्मीदवार रणजीत सिंह ने कहा कि मोदी शसन में दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है, जिसे हमें बरकरार रखना है। प्रधानमंत्री ने गरीब वर्ग की परेशानियों को समझते हुए उनका निवारण किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल की बातें जनता मजाक में ले रही है। उल-जुलूल बातों का अर्थ जनता समझ भी नहीं पा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व उसके सहयोगी दल केवल अपना वजूद बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं लेकिन इसमें भी उन्हें सफलता नहीं मिलती नजर नहीं आ रही।

# सेफ इंडिया फाउंडेशन ने किया तीन लावारिस अस्थियों का विसर्जन

अटल हिंद संवाददाता



सोनीपत। सेफ इंडिया फाउंडेशन द्वारा जिला सोनीपत के शमशानों में रखी हुई तीन अज्ञात लोगों अस्थियां जिनमें से गन्नौर से एक सोनीपत से 2 लोगों की अस्थियां लेकर विधि विधान से पूजा करवा कर हरिद्वार गंगा जी में विसर्जित किया गया। तिरंगा चौक शिवमुक्ति धाम से अस्थियां लेकर संस्था के उपप्रधान प्रवीण वर्मा, समाज सेवी नरेन्द्र भूटानी, सतीश बाल्याण, सुरेश कालरा के साथ रवाना हुए। सेफ इंडिया फाउंडेशन के पदाधिकारी हर महीने की पहली तारीख को जिला सोनीपत के सभी शमशान घाटों से लावारिस अस्थियों को इक्ट्?ठा करके हरिद्वार ले जाते हैं, जहां पर विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद विसर्जन किया जाता है। इसके अलावा लोग अपने परिजनों की अस्थि विसर्जन के लिए हरिद्वार नहीं ले जा सकते उनको इस गाड़ी में आने जाने की निःशुल्क व्यवस्था की जाती है। इसके अलावा संस्था द्वारा सूखे या ख़राब हुए तुलसी के या अन्य धार्मिक पौधों क़ो भी गंगा जी विसर्जित करने का कार्यक्रम शुरु किया है, जिसके तहत तुलसी के पौधे भी गंगा जी प्रवाहित किये गए।

# पुलिस ने दोहरे हत्याकाण्ड शामिल दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

अटल हिंद संवाददाता

सोनीपत। पुलिस ने दोहरे हत्याकाण्ड की घटना में शामिन व पांच-पांच हजार रूपये के ईनामी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी भूमित उर्फ जमेटरी निवासी गांव चुलियाना जिला रोहतक व रवि उर्फ तिवारी निवासी लाठ जिला सोनीपत के रहने वाले है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गत 15 सितम्बर को मनजीत गांव लाठ ने थाना सदर गोहाना में शिकायत दी थी कि वो, उसके ताऊ का लड़का रमेश व उसके दादा राजसिंह सोनीपत के लिए दो मोटरसाइकिलों पर घर से निकले थे। वो भी अपनी मोटरसाइकिल से पीछे आ रहा था। जब गांव के चौक पर पहुंचे तो दो मोटरसाइकिल, दो गाड़ियों में सवार लोगों ने चौंक पर रमेश व राजसिंह पर गोलियां चला दी, जिसमें रमेश व राजसिंह को गोलियां लगने से मौत हो गई। इस घटना का भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं के अन्तर्गत थाना सदर गोहाना में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस टीम ने घटना में शामिल 11 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस टीम ने आरोपियों की खोजबीन करते हुए घटना में शामिल दो और आरोपियों भूमित निवासी गांव चुलियाना जिला रोहतक व रवि उर्फ तिवारी निवासी लाठ जिला सोनीपत को भी गिरफ्तार किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायालय के आदेशानुसार सात दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है।

# हरियाणा में कांग्रेस एक तिहाई टिकटें पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग को दीः रामनिवास घोड़ेला

**इंडिया गठबंधन हरियाणा की सभी सीटों पर करेगा जीत दर्ज - रामनिवास घोड़ेला**

अटल हिंद संवाददाता



हिसार। कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव के टिकट बंटवारे के दौरान पिछड़ा वर्ग का खास ध्यान रखा है। पार्टी हाईकमान ने हरियाणा की दस लोकसभा सीटों पर तीन पिछड़ा वर्ग के नेताओं को लोकसभा का टिकट देकर पिछड़ा वर्ग का सम्मान करने का काम किया है। पार्टी के इस फैसले के बाद पिछड़ा वर्ग में कांग्रेस पार्टी के प्रति काफी उत्साह है। यह बात कांग्रेस नेता रामनिवास घोड़ेला ने शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हरियाणा में दो लोकसभा क्षेत्रों बीसी-बी के उम्मीदवार उतारे हैं। इनमें फरीदाबाद से महेंद्र प्रताप सिंह और भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा से राव दान सिंह को टिकट दी है। वहीं, बीसी-ए वर्ग से राज बब्बर को गुरुग्राम लोकसभा से मैदान में उतारा है। हरियाणा की नौ लोकसभा सीटों में 3 सीटों पर कांग्रेस पार्टी ने पिछड़ा वर्ग के प्रत्याशियों को उतारा है। टिकट बंटवारे में जातिगत समीकरणों का विशेष ध्यान रखा गया है। पिछड़ा वर्ग ने टिकट वितरण के बाद हरियाणा लोकसभा की सभी दस सीटें इंडिया गठबंधन की झोली में डालने का संकल्प ले लिया है। कांग्रेस कार्यकाल में पिछड़ा वर्ग का विशेष नीतियां बनाकर सम्मान किया गया था।

# नगर पालिका की जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को दिया एक दिन का अल्टीमेटम

## बृहस्पतिवार शाम तक कब्जा नहीं हटाया तो पुलिस बल की सहायता से हटाया जाएगा अवैध कब्जा : एम ई

अटल हिंद/तरसेम सिंह



कलायत। नपा प्रशासन की तरफ से सरकारी जमीन पर खोखा व पत्थर रखने वाले व्यक्तियों को जल्द अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिया गया है। बुधवार दोपहर एमई अशोक कुमार कुमार के नेतृत्व में नपा कर्मचारियों द्वारा सड़क किनारे रखे गए खोखा, पत्थर व अन्य अतिक्रमण हटाया जाना था। संचालकों द्वारा नपा अधिकारियों को अपने आप अतिक्रमण हटाने का आश्वासन देते हुए कुछ समय की मोहलत मांगी। इस पर नपा अधिकारी अशोक कुमार ने बृहस्पतिवार शाम तक अवैध अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिया। एमई अशोक कुमार व जेई संजीव धीमान ने बताया कि कुछ दिन पहले उन्हें स्थानीय लोगों के माध्यम से पता चला कि कुछ लोगों द्वारा नगर पालिका की जमीन पर खोखा व पत्थर अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया है। नपा कर्मचारियों की तरफ से कब्जा करने वाले लोगों को मौखिक रूप से जल्द अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया था। लेकिन उनके द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो आज वे कर्मचारियों के साथ मौका देखने पहुंचे थे। लोगों के आग्रह पर उन्हें बृहस्पतिवार शाम पांच बजे तक अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिया गया है। अगर उनके द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है तो नपा प्रशासन द्वारा पुलिस बल की सहायता से अतिक्रमण हटाया जाएगा। अतिक्रमण हटाने का खर्च भी उसी को वहन करना होगा।

### नगर पालिका की जमीन पर किया जाना है शॉपिंग कंपलेक्स का निर्माण

एम ई अशोक कुमार ने बताया कि महिला कॉलेज के सामने बस स्टैंड को जाने वाले रास्ते के पास जिस नगर पालिका की जमीन पर व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा किया गया है उस जमीन पर शॉपिंग कंपलेक्स का निर्माण किया जाना है। जिसके कुछ दिन पहले नपा प्रशासन द्वारा एस्टीमेट भेजे जा चुके हैं।